


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -142 जबलपुर, मंगलवार 30 जून 2026 कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## झारखंड में आकाशीय बिजली ने मचाया कहर, 30 से अधिक की मौत, 35 घायल

रांची.(आरएनएस)। झारखंड में मानसून के साथ आसमान से बरस रही आफत लगातार लोगों की जान ले रही है. राज्य मे 12 जून से अब तक वज्रपात की घटनाओं में 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 35 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं.

रविवार को रांची जिले के सोनाहातू में वॉच टावर का निरीक्षण कर रहे वनरक्षक रोशन श्रीवास्तव की वज्रपात से मौत हो गई, जबकि दो अन्य वनकर्मी झुलस गए. लोहरदगा में तीन वर्षीय बच्ची, रांची के बेड़ो में एक किसान, सिल्ली में एक नाबालिग तथा गढ़वा जिले के रंका में आम चुनने गए दो बच्चों की भी बिजली गिरने से मौत हो गई. 24 से 26 जून के बीच भी वज्रपात ने राज्य के कई जिलों में भारी तबाही मचाई.

इस दौरान चतरा, पलामू, जामताड़ा, कोडरमा, देवघर और लोहरदगा समेत विभिन्न जिलों में 12 लोगों की मौत हुई और करीब 18 लोग घायल हुए.



लोहरदगा में दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की जान चली गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए. 21 से 23 जून के बीच पश्चिमी सिंहभूम के टोकलो में फुटबॉल मैच के दौरान मैदान पर बिजली गिरने से दो खिलाड़ियों की मौत हो गई थी. खूंटी जिले के कर्रा में क्रिकेट खेल रहे युवकों पर वज्रपात होने से एक खिलाड़ी की मौत हुई और 11 अन्य घायल हो गए. इससे पहले 17 से 19 जून के बीच हजारीबाग, रामगढ़, पलामू, लोहरदगा, गोड्डा और पश्चिमी सिंहभूम में आठ लोगों की मौत दर्ज की गई थी. मानसून के प्रवेश के पहले 24 घंटे के भीतर ही रांची, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, जामताड़ा और सरायकेला-खरसावां में आठ लोगों की जान चली गई थी. मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, झारखंड की भौगोलिक संरचना इसे वज्रपात के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील बनाती है. पठारी भूभाग, घने जंगल, ऊंचे वृक्ष, खनिज संपदा और मानसून के दौरान गर्म एवं ठंडी हवाओं के टकराव से यहां वातावरण में तेजी से विद्युत ऊर्जा विकसित होती है, जिससे बिजली गिरने की घटनाएं अधिक होती हैं. रांची, गुमला, पलामू, बोकारो और पूर्वी सिंहभूम को राज्य के प्रमुख %लाइटनिंग हॉटस्पॉट' माना जाता है. क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्विंग सिस्टम्स प्रमोशन काउंसिल (सीआरओपीसी) और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में पिछले पांच वर्षों के दौरान हर साल औसतन 4.36 लाख से अधिक बार आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं दर्ज की गई हैं. पिछले एक दशक में वज्रपात से राज्य में कम से कम 1,669 लोगों की मौत हो चुकी है. विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि दूरदराज के ग्रामीण इलाकों की कई घटनाएं आधिकारिक रिकॉर्ड तक नहीं पहुंच पातीं. वज्रपात से होने वाली मौतों में सबसे अधिक संख्या किसानों, खेतिहर मजदूरों, मवेशी चराने वालों, महिलाओं और खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों की होती है. मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से गरज-चमक के दौरान खुले खेतों, पेड़ों, बिजली के खंभों और जलाशयों से दूर रहने की सलाह दी है. राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने भी लोगों से मौसम खराब होने पर सुरक्षित स्थान पर शरण लेने और किसी भी स्थिति में खुले मैदान में नहीं रुकने की अपील की है.

### विदिशा और झाबुआ में घटना

## एमपी-पल्स पोलियो की दवा पीते ही चंद घंटों में दो बच्चों की मौत से हड़कम्प

भोपाल.(आरएनएस)। मध्य प्रदेश में पोलियो से बचाव की खुराक पीने के बाद दो बच्चियों की संदिग्ध हालात में मौत के मामले सामने आए हैं. विदिशा और झाबुआ में ये घटनाएं हुई. विदिशा की कुरवाई तहसील और झाबुआ जिले के कल्याणपुरा ब्लॉक में रविवार को दवा पीने के कुछ ही घंटों बाद बच्चियों की मौत हो गई. दोनों के परिजनों ने पोलियो की खुराक को मौत का कारण बताया है. वहीं, स्वास्थ्य विभाग के सीनियर अफसरों ने इन आरोपों को खारिज कर जांच शुरू की है.

**विदिशा- अस्पताल में मृत घोषित किया**

विदिशा जिले की कुरवाई तहसील के मैनखेड़ी गांव में सुबह 10 बजे अनिल अहिरवार की दो माह की बेटी मानसी को बूथ-69 बी पर खुराक दी गई. दोपहर 2.45 बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी. परिजन मानसी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया.


**सीएमएचओ ने बताया, पोलियो ड्रॉप्स बेहद सुरक्षित**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. रामहित कुमार ने बताया, पोलियो ड्रॉप्स बेहद सुरक्षित है. उसी बूथ पर 44 बच्चों को दवा पिलाई गई. इनमें मृत बच्ची की 4 साल की बहन महक भी शामिल है. सभी स्वस्थ हैं. मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया है.

**झाबुआ- 11 माह की बेटी पूजा को दोपहर 2 बजे खुराक दी गई थी**

झाबुआ के कल्याणपुरा ब्लॉक स्थित उमरिया सालम गांव में सुनील डामोर की 11 माह की बेटी पूजा को दोपहर 2 बजे खुराक दी गई थी. कुछ समय बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ी और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया. जिस शीशी से पूजा को दवा दी गई थी, उसी से 19 अन्य बच्चों को भी खुराक दी. सीएमएचओ डॉ. एमएल चोपड़ा का कहना है, जिस शीशी से पूजा को दवा दी गई थी, उसी से 19 अन्य बच्चों को भी खुराक दी गई. वे सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं. उधर, दो डॉक्टरों के पैनल की प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि सांस नली में दूध अटकने से मौत हुई होगी. पूजा का वजन उम्र के हिसाब से कम 5.200 किलो था.

## जयपुर के आमेर में निर्माणाधीन इमारत की दीवार ढहने से 3 मजदूरों की मौत



जयपुर- (आरएनएस)। राजस्थान की राजधानी जयपुर के आमेर क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। ताला मोड़ इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया है।

जयपुर कलेक्टर संदेश नायक ने तीन मजदूरों की मौत की पुष्टि की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ताला मोड़ क्षेत्र में नाले की खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान अधिक खुदाई के कारण पास स्थित निर्माणाधीन इमारत की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मलबे में करीब 12 लोगों के दबे होने की आशंका है, जिनमें अधिकांश मजदूर हैं।

प्रभावित मजदूर बिहार और झारखंड के रहने वाले

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हादसे में प्रभावित मजदूर बिहार और झारखंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं। लंच का समय होने के कारण कई मजदूर मौके से बाहर थे, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है,

## सुको का राम मंदिर चढ़ावा मामले में तत्काल सुनवाई से इनकार, कहा-इतनी जल्दी सुनवाई की क्या आवश्यकता

अयोध्या/नई दिल्ली. अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है. अदालत ने याचिकाकर्ता से पूछा कि मामले में इतनी जल्द सुनवाई की आवश्यकता क्या है. इसके साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिका पर छुट्टियों के बाद नियमित पीठ के समक्ष सुनवाई की जाएगी. याचिका में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में चढ़ावे के धन के कथित दुरुपयोग की जांच कराने की मांग की गई है. याचिकाकर्ता ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के साथ-साथ कोर्ट की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल गठित कर जांच कराने की मांग की है.

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को भैंसवामाता में करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजगढ़ जिले के 352 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 जून को जिले के विकासखंड सारंगपुर अंतर्गत भैंसवामाता जी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर राजगढ़ जिले के 352 करोड रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल, सांसद श्री रोडमल नागर भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1:45 बजे भैंसवामाता पहुंचकर दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद दूध तलैया में गंगा पूजन, गौ-पूजन एवं पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान 2.0 की प्रदर्शनी का अवलोकन कर जिले में संचालित जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय नवाचारों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल, सांसद श्री नागर एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल भी उपस्थित रहेंगे तथा अपने विचार व्यक्त करेंगे। राजगढ़ जिले की पर्यटन फिल्म, कॉफी टेबल बुक एवं सोशल मीडिया हैंडल का अनावरण किया जाएगा। साथ ही जिले में कराए गए विकास कार्यों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, जल संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हितग्राहियों को योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ भी वितरित किए जाएंगे।



जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के साथ उनके संरक्षण के उद्देश्य से शुरू किए गए %जल गंगा संवर्धन अभियान-2026% का गरिमामय समापन होने जा रहा है। अभियान की इस अल्पावधि में ग्रामीण, नगरीय, वन, सिंचाई, शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों सहित विभिन्न स्तरों पर लगभग 3.62 लाख से अधिक जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य सफलतापूर्वक क्रियान्वित किये गये हैं। इस महा-अभियान ने पूरे प्रदेश में भू-जल संवर्धन, जल गुणवत्ता परीक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नदी पुनर्जीवन और जन-जागरूकता की एक नई चेतना जागृत की है। क्षेत्रीय सांसदों को भी इस अभियान के समापन में प्रमुख भागीदारी दी गई है। शहडोल में श्रीमती हिमाद्री सिंह, भिण्ड में श्रीमती संध्या राय, बालाघाट में श्रीमती भारती पारधी, रतलाम में श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान, बड़वानी में श्री गजेन्द्र पटेल, सीधी में डॉ. राजेश मिश्रा, मंदसौर में श्री सुधीर गुप्ता, श्योपुर में श्री शिवमंगल सिंह तोमर, छिंदवाड़ा में श्री बंटी विवेक साहू और जबलपुर में श्री आशीष दुबे मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। वहीं, नीमच जिले में राज्यसभा सदस्य श्री बंशीलाल गुर्जर मुख्य अतिथि की भूमिका निभाएंगे। जिला स्तरीय समारोह का मुख्य उद्देश्य अभियान की उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत करना और जल संरक्षण के प्रति समाज की निरंतर प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, सुरक्षा और श्रमदान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों, शासकीय विभागों, जागरूक नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, जलदूतों, महिला स्व-सहायता समूहों, युवा समूहों, किसानों और शैक्षणिक व निजी संस्थाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही, समारोह स्थल पर जल संरचनाओं की पूर्व एवं वर्तमान स्थिति, नवाचारों और सफलता की कहानियों पर आधारित एक आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा एक विशेष ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति (लघु फिल्म) भी दिखाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा और उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों व नागरिकों को जल संवर्धन व रख-रखाव का सामूहिक संकल्प दिलाया जाएगा।

## जेल में कैदियों के बीच खूनी भिड़ंत, दमोह में एचआईवी पॉजिटिव बंदी ने जमकर नाखून से नोचा, मचा हड़कंप

दमोह. (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के दमोह जिला जेल से सामने आई एक घटना ने जेल प्रशासन को अलर्ट कर दिया है. बैरक के अंदर दो कैदियों के बीच हुए विवाद के दौरान एक कैदी को दूसरे कैदी का नाखून लग गया, जिससे उसे चोट आई और खून भी निकला. बाद में पता चला कि नाखून लगाने वाला कैदी एचआईवी पॉजिटिव है. इसके बाद प्रशासन ने बिना देरी किए घायल कैदी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां से उसे आगे की जांच और इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सागर रेफर कर दिया गया.

जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार किसी भी ऐसे मामले में जहां खून के संपर्क की संभावना हो मरीज का मेडिकल मूल्यांकन जरूरी होता है. यही वजह है कि घायल कैदी को तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास भेजा गया. चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि केवल किसी एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति का नाखून लग जाने से संक्रमण होना तय नहीं माना जाता. संक्रमण का खतरा कई मेडिकल परिस्थितियों पर निर्भर करता है, जैसे घाव की स्थिति, खून का संपर्क और अन्य फैक्टर. ऐसे मामलों में डॉक्टर जरूरत के अनुसार जांच करते हैं और यदि जरूरी हो तो पोस्ट एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस जैसी दवाएं भी तय समय के भीतर शुरू की जा सकती हैं. इसलिए किसी भी तरह के निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले मेडिकल जांच की रिपोर्ट का इंतजार करना जरूरी होता है. फिलहाल घायल कैदी की निगरानी की जा रही है और विशेषज्ञ डॉक्टर आगे की चिकित्सा प्रक्रिया तय करेंगे. जेल सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल घटना के बाद दमोह जिला जेल की सुरक्षा व्यवस्था भी चर्चा में आ गई है. जेल उप अधीक्षक एम.एल. पटेल ने पुष्टि की कि बैरक के अंदर दोनों कैदियों के बीच झूमाझटकी हुई थी, जिसमें एक कैदी घायल हुआ. चूंकि दूसरा कैदी पहले से एचआईवी पॉजिटिव है, इसलिए घायल कैदी को एहतियात के तौर पर इलाज के लिए भेजा गया. फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है और घायल कैदी की स्वास्थ्य रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की स्थिति पूरी तरह साफ हो सकेगी.

## पटना में भीषण आग, तेल के गोदाम में करोड़ों का माल जलकर खाक, फायर ब्रिगेड की 22 गाडियों ने पाया काबू

पटना. बिहार की राजधानी पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र के करमलीचक में वनस्पति तेल, रिफाइंड तेल और सरसों के तेल वाले एक बड़े गोदाम में अचानक आग लग गई. गोदाम में तेल और डालडा का भारी स्टॉक होने के कारण आग की लपटें तेज़ी से विकराल रूप ले गईं. आग इतनी भीषण थी कि आसमान में उठती ऊंची लपटें और काले धुएं के गुबार कई किलोमीटर दूर से ही साफ दिखाई दे रहे थे. इस घटना में करोड़ों रुपये का तैयार माल और मशीनरी पूरी तरह जलकर राख हो गई. घटना की खबर मिलते ही स्थानीय दीदारगंज पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत



हरकत में आई और मौके पर पहुंची. लेकिन, आग की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि स्थानीय दमकल केंद्र की गाडियां कम पड़ गईं, जिसके बाद पटना के अलग-अलग दमकल केंद्रों को तुरंत अलर्ट मोड पर लाकर कुल 22 दमकल वाहनों को घटना

## जेसीबी यहीं चलेगी, नहीं तो खत्म कर दूंगा, उज्जैन जिले में कांग्रेस नेता प्रतापसिंह गुर ने रिवाल्वर दिखाकर किसान को धमकाया

उज्जैन। (आरएनएस)। उज्जैन जिले के ग्राम डेलचीबुजुर्ग में खेत के पास खाई खोदने का विरोध करने पर एक किसान और उसके परिवार को रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कांग्रेस नेता प्रतापसिंह गुर ने किसान को धमकाया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर चुकी है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। महिदपुर रोड पुलिस ने बताया कि डेलचीबुजुर्ग निवासी किसान गोविंद सेन व उसका भाई 18 जून की शाम करीब साढ़े छह बजे ईसनखेड़ी तिराहे के पास स्थित खेत पर रखा सूकला भरने गया था। इसी दौरान कांग्रेस नेता प्रतापसिंह गुर्जर अपने दो



साथियों के साथ वहां पहुंचा और जेसीबी मशीन बुलाकर खेत के समीप खाई खुदवाने लगा।

किसान का आरोप है कि उसने और उसके भाई ने खेत के पास खाई खोदने का विरोध किया तो प्रतापसिंह और उसके साथ आए लोगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गालियां देना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने अपने स्वजनों को मोबाइल फोन से सूचना दी। कुछ देर में उसके पिता दिनेश सेन, चाचा राजाराम सेन, मुन्नालाल सेन तथा अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए। शिकायत के अनुसार स्वजनों ने जब विवाद शांत कराने का प्रयास किया तो प्रतापसिंह गुर ने कमर से रिवाल्वर निकालकर उनकी ओर तान दी

## पाकिस्तान का अफगानिस्तान बॉर्डर पर एयर स्ट्राइक, 29 लोगों की मौत, 50 से अधिक हुए घायल

इस्लामाबाद/काबुल.(आरएनएस)। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से लगी अपनी सीमा पर हवाई हमले किए, जिसमें 29 लोग मारे गए. वहीं 50 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है. पाकिस्तान के इन्फॉर्मेशन मिनिस्टर अत्ताउल्लाह तरार ने रविवार देर रात कहा कि पाकिस्तान की सिक्योरिटी फोर्स ने पाकिस्तान-अफगान बॉर्डर पर एक अच्छी तरह से प्लान किया हुआ इंटेलिजेंस बेस्ड ग्राउंड ऑपरेशन किया और बॉर्डर इलाके में हमले किए.

मंत्री ने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान के अंदर खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और पाकिस्तान रेंजर्स



(सिंध) कैंप, कराची के मासूम लोगों के खिलाफ हाल ही में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद की गई. सिंध पुलिस चीफ ने डॉन को बताया कि शनिवार रात कराची के गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में पाकिस्तान सिंध रेंजर्स के प्रांतीय हेडक्वार्टर पर हुए हमले में तीन पाकिस्तानी पैरामिलिट्री के जवान और तीन आतंकवादी मारे गए. सिंध के इंस्पेक्टर जनरल जावेद आलम ओधो ने कहा कि आतंकवादियों ने अपनी गाड़ी से मेन गेट में टक्कर मारी थी और शुरू में वे यह कन्फर्म नहीं कर पाए कि कोई ब्लास्ट भी हुआ था या नहीं. डॉन के मुताबिक ओधो ने आगे कहा कि एक सफाई अभियान चल रहा था और इलाके को स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट (स्स्) के कमांडो, एंटी-टेररिस्ट फोर्स (ञ्रस्न) और रेंजर्स के जवानों ने सील कर दिया था. पुलिस सर्जन सुम्मैया सैयद ने डॉन को बताया कि एक घायल पैरामिलिट्री जवान को पैर में गोली लगने के बाद अस्पताल लाया गया था. इससे पहले डॉन के मुताबिक इलाके में भारी फायरिंग और धमाके की खबर मिलने के बाद पुलिस वाले घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस ने पूरे इलाके को भी सील कर दिया था. रेस्क्यू 1122 सिंध ने कहा कि उसे गुलिस्तान-ए-जौहर ब्लॉक 5 के पास धमाके की खबर मिली थी. उसने तुरंत अपने सेंट्रल कमांड और कंट्रोल सेंटर से टीमों को मौके पर भेज दिया.




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना खमरिया में रात सुनील पटेल उम्र 45 साल निवासी काछी मोहल्ला पिपरिया खमरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह स्वयं का एल.पी.जी आटो क्रमांक एम.पी. 20 आर. 8204 चलाता है खमरिया बाजार से तीन महिला सबारी को लेकर पिपरिया आ रहा था तभी खमरिया अस्पताल मोड़ के आंगे इमली के पेड़ के पास सामने से आ रही कार चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर उसकी आटो में दाहिने तरफटक्कर मारी है जिससे आटो पलट गई जिसमें बैठी एक महिला सबारी को ज्यादा चोट आई है

# ग्वारीघाट में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा नर्मदा का जलस्तर, पैदल नदी पार कर रहे लोग; मंडराया बिजली-पानी का संकट

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** विश्व प्रसिद्ध ग्वारीघाट में इन दिनों नर्मदा नदी की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। नदी का जलस्तर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिससे कई वर्षों बाद एक ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है जो स्थानीय लोगों को हैरान और परेशान कर रहा है। हालात ये हैं कि लोग नदी को पैदल ही पार कर रहे हैं। इस जल संकट का सीधा असर अब शहर की पेयजल आपूर्ति और बिजली उत्पादन पर भी पड़ने लगा है।



ग्वारीघाट के अंतर्गत आने वाले सिद्ध घाट पर नर्मदा का जलस्तर सबसे कम दर्ज किया गया है। नदी का बहाव इतना कमजोर पड़ चुका है कि पानी की जगह सूखी जमीन और चट्टानें नजर आने लगी हैं। श्रद्धालु अब नाव का सहारा लिए बिना, सूखी जमीन से पैदल चलते हुए नदी के दूसरी पार स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे तक पहुंच रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक, बीते कई दशकों में नर्मदा का ऐसा रूप कभी नहीं देखा गया।

नर्मदा स्नान के लिए प्रतिदिन ग्वारीघाट पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। घाट के किनारे पानी पूरी तरह सूख चुका है। नदी के बीच हिस्से तक जाने के बाद भी कई जगह पानी सिर्फ कमर तक ही पहुंच पा रहा है। श्रद्धालुओं को ऊबड़-खाबड़ और नुकीली चट्टानों के बीच जैसे-तैसे स्नान करना पड़ रहा है। इसके अलावा, पानी घटने से नदी के तल में जमी %चोई% (दलदली कीचड़) ऊपर आ गई है, जिससे श्रद्धालुओं के पैर फंसने और दुर्घटना होने का खतरा बढ़ गया है।

नर्मदा के इस सूखे रूप ने केवल श्रद्धालुओं की आस्था ही नहीं, बल्कि शहर की नागरिक व्यवस्थाओं को भी संकट में डाल दिया है। स्थानीय निवासियों और जानकारों के अनुसार, नदी में पानी का इनफ्लो (आवक) बेहद कम होने के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में होने वाली जल सप्लाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। इसके साथ ही, नर्मदा जल पर निर्भर रहने वाले बिजली उत्पादन संयंत्रों पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है, जिससे आने वाले दिनों में बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है। लगातार घटता यह जलस्तर आने वाले समय के लिए एक बड़े जल संकट का साफ संकेत दे रहा है।

# भेड़ाघाट के कूडन् में अवैध रेत खदान में जेसीबी सफाई के दौरान मलबे में दबने से युवक की दर्दनाक मौत

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर जिले के भेड़ाघाट के पास ग्राम कूडन् स्थित मां त्रिपुर सुंदरी धाम तेवर के पीछे संचालित एक अवैध रेत खदान में रविवार की शाम को बड़ा हादसा हो गया. जेसीबी मशीन से खदान की सफाई के दौरान अचानक मिट्टी धंस गई, जिससे एक युवक मलबे में दब गया और उसकी मौत हो गई.

ग्रामीणों ने दावा किया कि उन्होंने अवैध रेत खनन को लेकर पहले भी प्रशासन को जानकारी दी थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई. उनका कहना है कि समय रहते कदम उठाए जाते तो इस हादसे को टाला जा सकता था.

घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है. ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है. वहीं इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी एसके राय का कहना है कि उन्हें घटनाक्रम के बारे में कोई जानकारी नहीं है. वे भी पुलिस से संपर्क कर रहे हैं. यदि अवैध रेत उत्खनन से जुड़ा मामला है तो इसकी जांच की जाएगी.

# 11 केवी बिजली लाइन से एल्यूमीनियम कंडक्टर चोरी करने वाला शातिर कबाड़ी गिरफ्तार, कंपनी, पुलिस की कार्रवाई

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर जिले के पाटन संभाग में बिजली कंपनी और बेलखेड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक शातिर बिजली तार चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।



अधिकारियों को लगातार शिकायत मिल रही थी कि केवलारी और मनकेड़ी फीडर की 11 केवी लाइन से भारी मात्रा में एल्यूमीनियम कंडक्टर तार चोरी हो रहे हैं। सटीक सूचना के आधार पर, बिजली विभाग की टीम ने बेलखेड़ा पुलिस के साथ मिलकर बेलखेड़ा निवासी जाहिर अली के कबाडख़ाने पर औचक दबिश दी। इस बड़ी छापामारी के दौरान कबाडख़ाने से 341 किलोग्राम चोरी का बिजली का तार बरामद किया गया है। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही मुख्य आरोपी जाहिर अली मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

विभाग के अधिकारियों ने पुलिस की मौजूदगी में बरामद किए गए तार को जब्त कर पंचनामा तैयार कर लिया है। फरार आरोपी के खिलाफ विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 136 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अब फरार कबाड़ी की सरगर्मी से तलाश कर रही है, साथ ही इस गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क को खंगालने में जुटी

# रामपुर में गुंडों का आतंक, भाई-बहन पर जानलेवा हमला

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** गोरखपुर थाना क्षेत्र के रामपुर के बेन मोहल्ला की रात को मजदूरी कर घर लौट रहे 25 वर्षीय बिज्जू बेन को चार आरोपियों ने घेरकर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी अंकित, मंगू, अनुराग और मिंटू ने युवक को रोककर शराब पीने के लिए पैसों की मांग की, जिसे ठुकराने पर वे हिंसक हो गए। अंकित ने चाकू से बिज्जू के माथे, जांघ और कमर पर गंभीर वार किए, जबकि अन्य ने लात-घूंसों से पीटा। भाई को बचाने पहुंची बहन रोशनी को भी आरोपियों ने बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने बिज्जू की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद घायल भाई-बहन थाने पहुंचे और पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी अंकित, मंगू, अनुराग और मिंटू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 115(2), 118(1), 119(1), 351(3) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। फिलहाल पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। इलाके में हुई इस वारदात से स्थानीय लोग दहशत में हैं।

## मृत महिला को जिंदा दिखाकर 76 लाख की जमीन ठगी, दो फरार आरोपियों पर 4-4 हजार रुपये का इनाम

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मृत महिला को कागजों में जीवित दिखाकर उसकी जमीन का फर्जी सौदा कर 76 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने फरार दो आरोपियों पर चार-चार हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने इनाम घोषित करने के आदेश जारी किए हैं।

पुलिस के अनुसार इनामी आरोपियों में राकेश गुप्ता निवासी शांति नगर, गोहलपुर और लखन नायक निवासी माढ़ोताल शामिल हैं। दोनों पर एक व्यापारी से फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन का सौदा कर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप है। जांच में सामने आया कि जवाहरगंज बड़ा फुहारा निवासी व्यापारी दीपक कुमार टिबरेवाला (57) का संपर्क राकेश गुप्ता और लखन नायक से हुआ था।

# बरेला में पुरानी रंजिश के चलते घर पर बमों से किया हमला, महिला घायल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में बरेला स्थित वार्ड क्रमांक 6 में आज सुबह पुरानी रंजिश के चलते एक घर पर बम फेंकने का मामला सामने आया है. इस हमले में घर में काम कर रही सरोज बाई चक्रवर्ती की आंख में चोट आई है. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है.

धमाके इतने जोरदार थे कि घर के दरवाजे और खिड़कियों के कांच टूट गए. इस घटना से इलाके और पीड़ित परिवार में दहशत फैल गई. वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें बदमाश बम फेंकते साफ नजर आ रहे हैं. पीड़ित परिवार ने अमन, विशाल और प्रदीप सोनकर पर हमले का आरोप लगाया है. जानकारी के अनुसार, सरोज चक्रवर्ती के बेटे पवन चक्रवर्ती का इन आरोपियों से पुराना विवाद चल रहा है. जनवरी 2026 में दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और हिंसक झड़प हुई थी. इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया. घटना के वक्त घर के सभी सदस्य सो रहे थे, सरोज बाई पूजा करने उठी थीं. तभी अचानक धमाके की आवाज आई. सरोज खिड़की के पास पहुंचीं, जहां हमलावरों ने रुक-रुक कर चार बम फेंके थे. एक बम खिड़की के पास गिरा, जिससे उनकी आंखों में बम का धुआं और कुछ कण चले गए. सूचना मिलने पर बरेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची.

**परिजनों का आरोप, मदद मांगने पर नाविकों ने पहले रुपए मांगे थे**

# नर्मदा नदी में डूबे तीन दोस्तों का जनाजा एक साथ निकला

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** एमपी के जबलपुर में तिलवारा स्थित दद्दा घाट पर नहाते वक्त तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई थी। बीती देर शाम तीनों दोस्तों का जनाजा एक साथ मुजावर मोहल्ले से निकला। बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। तीनों को सूपाताल कब्रिस्तान में एक ही स्थान पर सुपुर्द-ए-खाक किया गया। घटना को लेकर मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाए है कि जब तीनों लड़के नदी में डूब रहे थे, तब मौके पर मौजूद नाव चालकों से मदद मांगी गई, लेकिन उन्होंने पहले पैसे मांगे। समय पर मदद नहीं मिलने के कारण तीनों की जान चली गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि गढ़ा के मुजावर मोहल्ला निवासी 8 दोस्त मोहर्रम की छुट्टी होने के कारण बाइक से दद्दा घाट नहाने गए थे। नहाते समय सोहिल गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के लिए साहिल और साबिर आगे बढ़े, लेकिन तीनों गहरे पानी में समा गए। कुछ देर बाद तीनों के शव नदी से निकाले गए। मृतक साबिर उर्फ राजा के पिता का आरोप है कि जब उनके बेटे और उसके दोस्त नदी में डूब रहे थे, तब उनके साथ मौजूद अन्य लड़के मदद मांगने के लिए घाट पर मौजूद नाव चालकों और गोताखोरों के पास पहुंचे। लेकिन वहां मौजूद लोगों ने पहले पैसे देने की बात कही। परिजनों का कहना है कि बच्चों के दोस्तों ने हाथ जोड़कर कहा कि पहले बच्चों को बचा लीजिए, पैसे बाद में परिवार वाले दे देंगे। इसके बावजूद किसी ने तुरंत नदी में उतरकर उन्हें बचाने की कोशिश नहीं की। उनका आरोप है कि चंद रुपये के लालच में तीन बच्चों की जान चली गई। तीनों परिवार में इकलौते रहे-मृतक साहिल, सोहिल और साबिर की उम्र 16 से 18 साल के बीच थी। तीनों निजी काम करते थे और गरीब परिवारों से थे। परिजनों के अनुसार, तीनों अपने-अपने परिवार की इकलौती संतान थे।



पुलिस ने परिजनों के आरोपों की शुरु की जांच-

इस मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों ने नाव चालकों पर पैसे मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी ने ससुराल आने से इनकार, पति मौत के फंदे पर लटका

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** गोरखपुर में रहने वाली एक पत्नी ने मायके से ससुराल आने से मना कर दिया। पत्नी के वियोग में व्यथित पति घर तो लौट आया लेकिन वह अपने कमरे में फंदे पर लटक गया, जिससे उसकी मौत हो गई। गोरखपुर पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

गोरखपुर पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह गुप्तेश्वर निवासी राकेश विश्वकर्मा ने सूचना दी कि वे तीन भाई हैं। बडे भाई दिलीप विश्वकर्मा के दो लडके हैं। उनका बडा लडका जय विश्वकर्मा वह स्कूल बैन चलाता था। उसकी शादी मदनमहल मे किरन के साथ करीबन 4 वर्ष पहले हुई थी। उनकी कोई संतान नही थी। पत्नी किरन उनके साथ नही रहती थी। वह अपने मायके मे रह रही थी। 28 जून को वह अपने ससुराल किरन को लेने के लिए गया था। किरन उसके साथ नहीं आई। जय घर लौट आया था। सोमवार सुबह करीबन 6 बजे जय को जगाने के लिए उसके कमरे गया। बाहर से अवाज लगाया तो वह दरवाजा नही खोला। दरवाजा अंदर से बंद था। धक्का देकर दरवाजा खोला तो देखा कि अपने विस्तर के उपर लगे पंखे से गले मे चुनरी बांधकर फंदे पर लटक रहा था। जय की मृत्यु हो गयी थी।

# लोगों के खाते खुलवाकर एटीएम बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 18 कार्ड, 20 हजार रुपए जब्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में बेलबाग पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के सदस्यों को पकड़ा है, जो लोगों के खाते खुलवाकर उनके एटीएम बेचकर रुपए कमा रहे थे. पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दस एटीएम कार्ड व 20 हजार रुपए नगद जब्त किए है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों के पास से कई बैंकों के एटीएम, खातें व क्यू आर कोड मिले है.



पुलिस अधिकारियों के अनुसार बेलबाग तिराहा के पास वाहन चेकिंग दौरान एक व्यक्ति महरून कलर बिना नबंर की एक्सिस स्कूटी चलाते हुए आया, जिसे संदिग्ध प्रतीत होने पर रोककर नाम पता पूछा जिसने अपना नाम सौरभ कुमार रजक उम्र 31 वर्ष निवासी न्यू कंचनपुर गुप्ता किराना स्टोर्स के पास थाना आधारताल बताया. थाना लाकर तलाशी लेने पर 10 नग अलग अलग बैंको के एटीएम कार्ड मिले जिसमें एसबीआई सिंह ठाकुर, इडियन ओवरसीज बैंक ,इडियन ओवरसीज बैंक अनुराग पटेल,आईओबी प्रवीण कुमार,सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया हिमांशू गोटिया, यूनियन बैंक, एस बी आई विकास कोरी, बैंक ऑफ इंडिया नीरज ठाकुर, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया रंजना रजक, बैंक आफ इंडिया रंजना रजक के नाम के तथा नगद 20 हजार रूपये रखे मिले.

सौरभ रजक को रोहित देता था एटीएम-

सौरभ रजक ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि रोहित निवासी मांडवा बस्ती थाना गोरखपुर से संपर्क हुआ था जो नबंर बदल-बदल कर फोन करके प्रति दिन 05-10 एटीएम कार्ड देता है एवं रोहित के कहने पर ही बताये स्थान में जाकर अलग-अलग खातो में कैश डिपाजिट मशीन से रोहित द्वारा बताये गए अलग-अलग खातो में पैसे उसके द्वारा डाले जाते थे. उक्त 20 हजार रूपये नगद है रोहित के द्वारा देने पर ही आज वह फिक्स डिपाजिट मशीन से डालने जा रहा था.

सायबर की टीम के साथ सौरभ रजक के मोबाईल के वाट्सअप नबंर को चेक करने पर वाट्सअप कान्टेक्ट नितिन 3333 नाम का मिला जिसे चेक करने पर चेट , बहुत सारे बारकोड, लोगो के पेन कार्ड, अधारकार्ड, बैंक खातो की डिटेल, लागिन आईडी, पासवर्ड, पासबुक डिटेल नितिन 3333 नाम को भेजी जाना पायी गई . पूछताछ पर सौरभ रजक ने बताया कि उसके द्वारा स्वयं का बैंक आफ इंडिया, म.प्र. ग्रामीण बैंक, सेंट्रलबैंक आफ इंडिया, इक्यूटास बैंक, पंजाब एवं सिंध बैंक में खाता खुलवाया है. सौरभ रजक द्वारा दीपक सोनी के सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया के खाता एवं ओंकार पिता शिव कुमार चौधरी निवासी नुनसर का बैंक आफ महाराष्ट्र के खाते की डिटेल नितिन 3333 को बाटस्अप के माध्यम से भेजी गई है. दीपक सोनी के सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया खाता में रामोल अहमदाबाद सिटी गुजरात में एक्नोलेजमेंट में शिकायत दर्ज है एवं ओंकार पिता शिव कुमार चौधरी निवासी नुनसर का बैंक आफ महाराष्ट्र में सायबर पुलिस थाना चित्तोडगढ राजस्थान में एक्नोलेजमेंट पर शिकायत दर्ज है.

**निगमायुक्त ने ली जलापूर्ति, सफाई, प्रकाश और फायर सेफ्टी को लेकर बैठक, अधिकारियों को दिए सुबह शाम फील्ड पर उतरने के निर्देश**

# बेहतर होंगी जलापूर्ति, प्रकाश और सफाई व्यवस्था- निगमायुक्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** नागरिकों को बेहतर और मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने निगम के अधिकारियों और सभी विभागीय प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से शहर की जलापूर्ति, साफ-सफाई, फायर सेफ्टी और प्रकाश व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। **आपसी समन्वय और फील्ड वर्क पर जोर**



बैठक के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने दो टूक शब्दों में कहा कि फाइलों से ज्यादा काम जमीन पर दिखना चाहिए। उन्होंने सभी विभागीय प्रमुखों को कड़े निर्देश दिए कि वे आपस में बेहतर तालमेल और समन्वय बनाकर काम करें, ताकि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण हो सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड पर सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि जब आप लोग स्वयं मौके पर मौजूद रहेंगे, तो कार्यों में गति आएगी और गुणवत्ता भी बेहतर। उन्होंने कहा कि गर्मी और आम दिनों में शहर के हर हिस्से में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वार्डों और मुख्य मार्गों पर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**
क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 25.06.2026
**भवन नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **पूजा, पूनम, पिता स्व. श्री राजू रैकवार एवं श्रीमती उषा, पति स्व. श्री राजू रैकवार** ने भवन/ क्रमांक 10/1 **वार्ड खेरमाई वार्ड,** क्षेत्रफल 1605 व.फु., भूतल 1605 व.फु. आर.सी.सी., , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 10/1 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**
क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 15.06.2026
**भवन नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती साबरीन परवीन, पति- शेख अनवार एवं श्री शेख अनवार, पिता- शेख मुन्ना** ने भवन/ क्रमांक 1588-1589 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1065 व.फु., भूतल 1065 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 1588-1589 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**
क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 15.06.2026
**भवन नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **सुनीता, संगीता, शिवानी, पिता स्व. श्री अमर सिंह** ने भवन/ क्रमांक 19 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 1350 व.फु., भूतल 800 व.फु. , **शपथ पत्र, विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 19 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**
क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 15.06.2026
**भवन नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री आकाश सिंह लोधी, पिता- मुन्ना सिंह लोधी** ने भवन/ क्रमांक 2119 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 715 व.फु., भूतल 4715 व.फु. आर.सी.सी,, **दानपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 2119 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**
क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 29.06.2026
**भवन नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, पति श्री विनय कुमार गुप्ता** ने भवन/ क्रमांक 907-908 का हिस्सा **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 1168 व.फु., भूतल 496 व.फु. आर.सी.सी,, **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 907-908 का हिस्सा पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**
क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 29.06.2026
**भवन नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रेखा गुप्ता, पति- विजय कुमार गुप्ता** ने भवन/ क्रमांक 907-908 का हिस्सा **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 1179 व.फु., भूतल 541 व.फु., प्रथमतल 270 व.फु. , **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 907-908 का हिस्सा पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**



भोपाल -प्रशासक श्री महेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में सहकारिता आंदोलन के व्यापक प्रचार प्रसार युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने नई सहकारी समितियां के गठन तथा सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिये सात दिवसीय ऊव्यापीऊ थीम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया है, इसी कड़ी में प्रथम दिवस अपेक्स बैंक में सहकारी ध्वज का ध्वजारोहण एवं पौध-रोपण के बाद सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बैंक के प्रशासक श्री यादव ने ऊसहकारिता की शपथऊ दिलाई एवं सामूहिक रूप से सहकारी गीत के गायन का आयोजन हुआ।





नीमच को 1553.98 करोड़ की औद्योगिक इकाइयों और विकास कार्यों की सौगात, 38 इकाइयों का लोकार्पण और भूमि-पूजन

# हरित विकास, निवेश और रोजगार... इसी दिशा में आगे बढ़ रही हमारी सरकार -मुख्यमंत्री

भोपाल-(आरएनएस) स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मध्यप्रदेश ने सोमवार को हरित विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के साथ नीमच में 500 मेगावॉट क्षमता वाले नीमच सोलर पार्क तथा 450 मेगावॉट क्षमता वाले शाजापुर सोलर पार्क का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री श्री जोशी ने 1,553.98 करोड़ रुपये की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं विकास कार्यों का भी भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 550 मेगावॉट क्षमता वाला आगर सोलर पार्क भी निर्माणाधीन है, जिसकी इकाइयों के लिए 2.44 और 2.45 रुपये प्रति यूनिट की दरें प्राप्त हुई हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद मध्यप्रदेश देश के अग्रणी सौर ऊर्जा उत्पादक राज्यों में अपनी स्थिति और मजबूत करेगा तथा स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नीमच जिले में करीब 160 करोड़ रुपये की लागत से 98 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश का हरित विकास हमारा लक्ष्य है। हरित विकास के जरिए प्रदेश में अधिकाधिक मात्रा में निवेश लाने और इसके जरिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए हम तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ अब स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा से इस क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश के नए औद्योगिक ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित हो रहे हैं। नीमच न केवल मध्यप्रदेश का, बल्कि ग्रीन पॉवर सेक्टर का ग्लोबल कैपिटल बन रहा है। उन्होंने बताया कि यहां देश का सबसे बड़ा पंप स्टोरेज बन रहा है। नीमच जिले में कुल 675 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं कार्यशील हैं और लगभग 1 हजार 952 से अधिक मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाओं का निर्माण कार्य तेजी से जारी हैं।

नीमच के नए सोलर पार्क से मिलेगी 2.14 पैसे प्रति यूनिट बिजली, यह देश में सबसे सस्ती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि नीमच में नए सोलर पार्क का शुभारंभ ऐतिहासिक अवसर है। इससे देश में सबसे सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध होगी। नीमच की धरती ने प्रदेश को दो मुख्यमंत्री दिए। नीमच ने अफीम उत्पादन और नेत्रदान अभियान में शीर्ष स्थान हासिल कर अपनी अलग पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को संत कबीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में सूर्य देवता ऊर्जा के स्त्रोत हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संरक्षण अभियान के अंतर्गत 19 मार्च से 30 जून तक कुंए, बावड़ी, नदी, तालाब और अन्य सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण के उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। राज्य सरकार ने 3 महीने में 10 हजार करोड़ की राशि खर्च कर प्रदेशभर में 2 लाख से अधिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया है। जल गंगा संरक्षण अभियान में नीमच ने देश में 10वां और प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने म.प्र. के बोर्ड परीक्षा परिणामों में टॉप 10 में स्थान बनाने वाले नीमच के विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी की मौजूदगी में आज 2 बड़ी सौर परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। कुल 2080 करोड़ की लागत से नीमच में 500 मेगावॉट और शाजापुर में 450 करोड़ मेगावॉट के सोलर पार्क की सौगात मिली है। साथ ही नीमच में 1553.98 करोड़ की 38 औद्योगिक इकाइयों और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी हुआ है। नीमच के नए सोलर पार्क से 2.14 पैसे प्रति यूनिट बिजली मिलेगी, जो देश में सबसे सस्ती दर है। प्रदेश में रोजगार आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश सबसे तेज गति से रोजगार देने वाला राज्य है। प्रदेश में फूड पार्क, पीएम मित्र पार्क तैयार किए जा रहे हैं। नीमच में 1200 करोड़ से अधिक लागत का सोलर ग्लास तैयार करने वाले प्लांट का भूमि-पूजन हुआ है। नीमच को बहुत जल्द जावरा-उज्जैन होकर भोपाल राजमार्ग की सौगात मिलने वाली है। मंदसौर से भोपाल तक नया हाई-वे भी बनाया जाएगा। नीमच में गांधी सागर अभ्यारण्य चीतों का नया घर बन चुका है। बहुत जल्द यहां दो और चीते मुक्त प्राकृतिक आवास में छोड़े जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के किसानों से गेहूं का एक-एक दाना खरीदा गया है। किसानों को गेहूं के लिए 2625 रुपए प्रति क्विंटल कीमत का भुगतान किया है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 104 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य से अधिक गेहूं खरीदा है। गेहूं के उत्पादन और खरीदी में मध्यप्रदेश ने पंजाब जैसे राज्य को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब किसानों को सिंचाई के लिए दिन में भी बिजली उपलब्ध करा रही है। किसान कल्याण वर्ष में सरकार किसानों के साथ खड़ी है। प्रदेश के किसानों को शून्य ब्याज दर पर आवश्यक लोन मिल रहा है और इसे चुकाने के लिए भी 31 मार्च की बाध्यता खत्म कर दी गई है। किसान जिस तारीख से लोन लेंगे, उसके अगले 12 माह की अवधि में किसी भी तारीख पर लोन चुकाने की सुविधा मिलेगी।

# बच्चों में निवेश बढ़ाने से मध्यप्रदेश की मजबूत होगी नींव -राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष पवैया



भोपाल-(आरएनएस) मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री जयभान सिंह पवैया ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बच्चों में निवेश बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकाय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए उन्हें वित्तीय रूप से अधिक सक्षम बनाने के उद्देश्य से आयोग अपनी अनुशंसाओं में बच्चों के विकास से जुड़े आवश्यक संकेतकों को शामिल करने पर गंभीरता से विचार करेगा। श्री पवैया ने राज्य वित्त आयोग कार्यालय, भोपाल में यूनिसेफ के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक में बच्चों के समग्र विकास, पोषण और समावेशी आर्थिक विकास को लेकर हुठ बैठक में यह बात कही। बैठक में यूनिसेफ मध्यप्रदेश के प्रमुख श्री विलियम हेनलोन जूनियर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि पंचायतों एवं शहरी निकायों के लिए वित्तीय हस्तांतरण का सूत्र निर्धारित करते समय बच्चों की आवश्यकताओं और उनके विकास से जुड़े संकेतकों को भी महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-6 के आधार पर मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में बौनापन, शारीरिक दुर्बलता, कुपोषण तथा बाल विवाह की स्थिति से अवगत कराते हुए इन संकेतकों को आयोग की अनुशंसाओं में शामिल करने का सुझाव दिया। साथ ही इस विषय में यूनिसेफ द्वारा आयोग को तकनीकी एवं विशेषज्ञ सहयोग उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में अध्यक्ष श्री पवैया ने यूनिसेफ के प्रस्तुतीकरण और सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि इस संवाद से राज्य वित्त आयोग को स्थानीय निकायों के वित्तीय सशक्तिकरण को बच्चों के विकास से जोड़कर देखने का नया दृष्टिकोण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों के हितों को प्राथमिकता देने वाली योजनाओं को स्थानीय स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए वित्तीय संसाधनों का समुचित प्रावधान आवश्यक है और आयोग इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगा। बैठक में राज्य वित्त आयोग के सदस्य श्री के.के. सिंह, सदस्य सचिव श्री वीरेन्द्र कुमार सहित आयोग के अधिकारी उपस्थित रहे। यूनिसेफ की ओर से सुश्री पूजा सिंह तथा दिल्ली कार्यालय से श्री सोमेन बागची भी बैठक में शामिल हुए।

मध्यप्रदेश को पीएम-केयर्स के तहत आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों की सौगात

# भारत विश्व के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम में शामिल-केंद्रीय मंत्री नड्डा



भोपाल-(आरएनएस) केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश में डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नई दिल्ली में आयोजित 'डिजिटल हेल्थ इनिशिएटिव्स लॉन्च कार्यक्रम' में आरोग्य सेतु 2.0 सहित कई नई डिजिटल स्वास्थ्य पहलों का शुभारंभ किया। इन पहलों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक एकीकृत, सुलभ, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना है। शुभारंभ की गई प्रमुख पहलों में आरोग्य सेतु 2.0, आयुष्मान ऐप, आयुष्मान सारथी व्हाट्सएप चैटबॉट, नेशनल हेल्थ क्लेम्स एक्सचेंज (एनएचसीएक्स), यूनिफाइड हेल्थ इंटरफेस (यूएचआई), ई-सुश्रुत क्लिनिक, ड्रग रजिस्ट्री, कॉमन कोड्स फॉर इंडिया (सीएलसीआई) तथा भारत हेल्थ टर्मिनोलॉजी सर्विस (बीएचटीएस) शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि 90 करोड़ से अधिक आभा खाते और 100 करोड़ से अधिक डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनने के साथ भारत विश्व के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि आरोग्य सेतु 2.0 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रस्त लोगों सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों को एक ही मंच पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार, आयुष) श्री प्रतापराव जाधव, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. एम. श्रीनिवास, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# ग्राम कमोद की सड़क बदहाल, गंदगी सड़कों पर बह रही



गोटेगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कमोद की अंदरूनी सड़कों की स्थिति पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। गांव को सड़कों पर लगातार नाली का पानी बहने के कारण ग्रामीणों को परशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विशेष रूप से बारिश के मौसम में हालात खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कमोदी की ओर जाने वाली सड़क पर तो दिनभर नाली का पानी बहता रहता है, जिससे सड़क बेहद खराब हो गई है। गांव के अंदर पूर्व में किए गए सड़क निर्माण कार्य में गंभीर खामियां थीं, जिसके कारण अधिकांश सड़कें आज टूट चुकी हैं। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे शीघ्र ही मौके पर पहुचकर वर्तमान स्थिति का आकलन करें और जितनी जल्दी हो सके सड़क निर्माण एवं नालियों की मरम्मत का कार्य शुरू कराएं ताकि ग्रामीणों को समस्या से जल्द निजात मिल सके।

# 2 साल से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी रेलवे ओवर ब्रिज अधूरा

गोटेगांव. नरसिंहपुर-गोटेगांब मार्ग पर रेलवे के जिला फाटक स्थल पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य मंद गति से चल रहा है।इस रेलवे गेट पर लाइन के ऊपर पुल का निर्माण करने का ठेका रेलवे से दूसरा ठेकेदार लिए हुए है। वहीं पुल के दोनों ओर एप्रोच ओवर ब्रिज का ठेका दा ठेकेदार के पास है। रेलवे लाइन के ऊपर निर्मित होने वाले ब्रिज का निर्माण कार्य जिस मंद गति से चल रहा है उसी गति से दोनों ओर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है यहां पर होने वाले कार्य की गति को देख कर लगता है कि इस साल भी उक्त पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाएगा। कार्य की निगरानी में सेतु निगम के अधिकारी भी उदासीनता बरत रहे हैं। रेलवे लाइन के ऊपर ब्रिज बनाने के लिए अभी दोनों ओर सीसी क्रांकीट के पाया तैयार करने का कार्य चल रहा है।

कच्छप गति की चल रहा निर्माण कार्य



जब तक उक्त निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता है, तब तक रेलवे लाइन के ऊपर ब्रिज तैयार नहीं हो पाएगा। रेलवे ब्रिज से लगकर 90 डिग्री घुमाव मे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसकी भी गति बहुत धीमी होने के कारण कई हिस्से में पाया निर्मित होने के बाद उसके ऊपर ब्रिज का निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। यहां पर कुछ ही कर्मचारी कार्य कर रहे है जो ओवर ब्रिज के दूसरे हिस्से में है। पर रेलवे लाइन के ऊपर ब्रिज के निर्माण में कार्य रूका हुआ है उसके सीसी के पाए तैयारी किए जा रहे है।जिस वक्त सीसी कंक्रीट डालने का कार्य चलता है उस वक्त लोक निर्माण विभाग सेतु निगम का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं रहता है। जिसके कारण ठेकेदार घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग ओवर ब्रिज के निर्माण में हो रहा है।

# भारत में वामपंथ ही एकमात्र विकल्प है-पटेल



गोटेगांव=विगत दिवस मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड जगदीश पटेल ने विज्ञप्ति जारी कर आम जनता का आव्हान किया है शोषण मुक्त समाज की स्थापना के लिए,सांप्रदायिक एवं कार्पोरेट परस्त बीजेपी को उखाड़ फेंको,वामपंथ। को मजबूत करो।

वामपंथ आया और गया पर आम जन की खुशहाली का विकल्प वामपंथ ही देगा

भाजपा की डबल ईंजन की सरकार किसानों चिढ़ाने की हद कर रही है। जहां सरकार के नुमाइंदे माननीय मोदी जी माननीय मोहन यादव सरकार को किसान हितैषी कहते नहीं थक रहे हैं वहीं किसानों के सामने खाद बिजली पानी उपज का दाम नहीं दिया जा रहा है।

प्रदेश ही नहीं देश भर में आर एस एस संचालित भाजपा की किसान मजदूर छात्र नौजवान विरोधी नीतियों के चलते देश में विरोध के रूप में उबाल आ रहा है, कई किसान संगठनों, मजदूर संगठनों, छात्रों,नौजवानों के संघर्ष जारी हैं,लेकिन कार्पोरेट परस्त अदानी अंबानी की गुलाम सरकार सब कुछ कार्पोरेट के कब्जे में कर आम जन को सड़क पर लाकर खड़ा कर रही है जो दिख भी रहा है।

दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी किसान मजदूर विरोधी नीतियों का डटकर विरोध न कर दिखावा भर कर रही है इसकी वजह साफ है बीजेपी कांग्रेस की आर्थिक नीतियां एक ही है, शोषण पर आधारित व्यवस्था जो आम जन की लूट पर आधारित है, उनका वर्गीय चरित्र एक है।

आज 60प्रतिशत से अधिक कांग्रेसी बीजेपी की सत्ता चला रहे हैं,कार्पोरेट कांग्रेसी नहीं चाहेंगे। कि वर्तमान व्यवस्था परिवर्तन हो, लूट के मामले में दोनों एक हैं, कांग्रेस की सत्ता आती है तो बीजेपी वाले कांग्रेस को थाम लेंगे उनकी वर्गीय लूट जारी रहेगी।

पूंजीवादी कार्पोरेट परस्त शोषण करने वाले वर्ग की सत्ता को उखाड़ फेंकने केवल वामपंथ ही एकमात्र विकल्प है, हम कितने भी दल कितने भी संगठन क्यों न बना ले हल केवल वामपंथ के पास है, जिनके नेताओं पर 30साल तक लगातार सत्ता में रहते भ्रष्टाचार का आरोप नहीं, कई सालों तक मंत्री मुख्यमंत्री रहते उनके निजी घर तक नहीं है, सांसद विधायक मंत्रियों को मिलने बाला मानदेय भी उन्हें नसीब नहीं होता पार्टी में जमा होकर जनता के संघर्ष में लगता है, निजी मिल्कियत की ओर न जाकर केवल मेहनतकश जनता के जीते है, यह वह विचारधारा है जिसे भगतसिंह जैसे क्रांतिकारियों आत्मसात कर हंसते हंसते फांसी के फंदे को चुना।

आज केवल वामपंथ ही देश हित में विकल्प है आमजन जितने दिनों तक भटकाव में पूंजीवादी दलों के पक्ष में रहेगा केवल बर्बादी ही हाथ लगेगी।

रेलवे लाइन पर जाकर बात करने को मजबूर लोग, शीघ्र सुधार की उठी मांग

# करकबेल में बीएसएनएल सेवा ठप, उपभोक्ता परेशान



करकबेल। करकबेल क्षेत्र में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की मोबाइल सेवा लंबे समय से बाधित रहने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सेवा ठप होने से क्षेत्र के सैकड़ों उपभोक्ता कॉल करने और प्राप्त करने के साथ-साथ इंटरनेट सुविधा से भी वंचित हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीएसएनएल नेटवर्क की समस्या अब आम बात बन गई है और आए दिन सेवा बाधित होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।

क्षेत्र के विशेषकर करकबेल रेलवे लाइन के आसपास रहने वाले उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार मोबाइल में नेटवर्क बिल्कुल नहीं आता। ऐसे में उन्हें रेलवे लाइन के समीप जाकर बात करने का प्रयास करना पड़ता है, जहां कभी-कभार नेटवर्क मिलने पर कॉल लग भी जाती है, लेकिन बातचीत के दौरान बार-बार कॉल कट जाती है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के लिए बीएसएनएल के हेल्पलाइन नंबर 1503 पर संपर्क करने का प्रयास भी कई बार सफल नहीं हो पाता। कभी-कभी हेल्पलाइन पर ही कृपया नंबर जांच लें, उक्त नंबर गलत है जैसी सूचना सुनाई देती है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ जाती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लगातार नेटवर्क बाधित रहने के कारण ऑनलाइन कार्य, बैंकिंग सेवाएं, शासकीय योजनाओं से जुड़ी प्रक्रियाएं तथा दैनिक संचार प्रभावित हो रहा है। लोगों ने बीएसएनएल के जिम्मेदार अधिकारियों से शीघ्र तकनीकी खामी दूर कर मोबाइल सेवा सुचारु करने की मांग की है।खबर लिखे जाने तक करकबेल क्षेत्र में बीएसएनएल की मोबाइल सेवा पूरी तरह प्रभावित बनी हुई थी।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।



हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।



## विमानन उद्योग संकट में

खबरों के मुताबिक एयर इंडिया उड़ानों में कटौती, ऑर्डर दिए विमानों की डिलीवरी लेने में देर, और विस्तार योजनाओं पर विराम लगाने जा रही है। इस बीच उसकी सेवाओं की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। घाटे की दलील देकर दशकों से एयर इंडिया के निजीकरण के पक्ष में माहौल बनाया गया। कहा जाता था कि नौकरशाहों के अकुशल प्रबंधन और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण करदाताओं के हजारों करोड़ रुपए डूबाए गए हैं। आखिरकार इन तर्कों की जीत हुई। 2022 में नरेंद्र मोदी सरकार ने एयर इंडिया को टाटा ग्रुप को सौंप दिया। मगर अब हाल यह है कि सिर्फ गुजरे साल में कंपनी को तीन बिलियन डॉलर का घाटा हुआ है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इसके मद्देनजर कंपनी ने उड़ानों में कटौती, ऑर्डर दिए विमानों की डिलीवरी लेने में देर, और विस्तार योजनाओं पर विराम लगाने का फैसला किया है। इस बीच एयर इंडिया की सेवाओं की गुणवत्ता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं। एक साल गुजरने के बाद भी एआई-171 की हुई दुर्घटना के कारण अज्ञात हैं। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने कहा है कि उड़ान भरने के महज 32 सेकंड बाद हुई इस भीषण दुर्घटना की वजह के बारे में ठोस नतीजे तक पहुंचने में उसे अभी और वक्त लगेगा। उचित ही इसे एएआईबी की दर्दनाक अकुशलता का सबूत बताया गया है। गौरतलब है, एयर इंडिया के निजी हाथ में जाने के साथ भारतीय विमानन क्षेत्र में लगभग ड्यूओपॉली (दो कंपनियों का वर्चस्व) बन गई। उनमें से एक कंपनी- इंडिगो ने पायलटों की कार्यस्थिति संबंधी नियमों को लेकर सेवाओं को ही अस्त-व्यस्त कर देने का जो कथित नजरिया अपनाया, उससे प्रतिस्पर्धा खत्म होने के जोखिम खुल कर सामने आ गए थे। आज सूरत है कि दोनों कंपनियां यात्री किराए में मनमानी बढ़ोतरी करती हैं।

# नई भाजपा के रोल मॉडल हैं योगी, हेमंत और शुभेंदु!

उत्तर प्रदेश एक ऐसे मुख्यमंत्री से रूबरू है, जिसे राजनीति के मैदान में बहुत गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। उनके बारे में यह ख्यात था कि वे एक खास वर्ग की राजनीति करते हैं और भारतीय जनता पार्टी भी उनकी राजनीतिक शैली से पूरी तरह सहमत नहीं है। लेकिन उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह अपनी पकड़ बनाई है और देश में एक अलग माडल खड़ा दिया है, वह सर्वत्र चर्चा का विषय है। इससे यह भी साबित हो रहा है कि 'अपनी राजनीति' के प्रति भाजपा का आत्मदैन्य कम हो रहा है। वहीं असम में हेमंत विश्वशर्मा उम्मीदों का चेहरा बनकर उभरे हैं, असम में तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा ने पूर्वोत्तर में इतिहास रच दिया है। इसी तरह गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति से पश्चिम बंगाल की विजय ऐतिहासिक कही जा रही है और वहां बने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के ताबड़तोड़ फैसलों ने जनविश्वास की हिलोरें पैदा की हैं। जड़ता को तोड़कर एक नई उम्मीद बनी है। केंद्रीय राजनीति में नरेंद्र मोदी और अमित शाह के आगमन ने भारतीय राजनीति के परिदृश्य को बदलकर रख दिया है।

भाजपा का आज तक का ट्रैक हिंदुत्व का वैचारिक और राजनीतिक इस्तेमाल कर सत्ता में आने का रहा है। देश की राजनीति में चल रहे विमर्श में भाजपा बड़ी चतुराई से इस कार्ड का इस्तेमाल तो करती थी, किंतु उसके नेतृत्व में इसे लेकर एक हिचक बनी रहती थी। वो हिचक अटल जी से लेकर आडवानी तक हर दौर में दिखी है। भाजपा का हर नेता सत्ता पाने के बाद यह साबित करने में लगा रहता है वह अन्य दलों के नेताओं के कम 'सेकुलर' नहीं है। उत्तर प्रदेश की 'आदित्यनाथ परिघटना' दरअसल भाजपा की वैचारिक हीनग्रंथि से मुक्ति को स्थापित करती नजर आती है। नरेंद्र मोदी के राज्यारोहण के बाद योगी आदित्यनाथ का उदय भारतीय राजनीति में एक अलग किस्म की राजनीति की स्वीकृति का प्रतीक है। एक धर्मप्राण देश में धार्मिक प्रतीकों, भगवा रंग, सन्यासियों के प्रति जैसी विरक्ति मुख्यधारा की राजनीति में दिखती थी, वह अन्यत्र दुर्लभ है। भाजपा जैसे दल भी इस सेकुलर विकार से कम ग्रस्त न थे। धर्म और धर्माचार्यों का इस्तेमाल, धार्मिक आस्था का दोहन और सत्ता पाते ही सभी धार्मिक प्रतीकों से मुक्ति लेकर सारी राजनीति सिर्फ तुष्टीकरण में लग जाती थी। प्रधानमंत्रियों समेत जाने कितने सत्ताधीशों के ताज जामा मस्जिद में झुके होगें, लेकिन हिंदुत्व के प्रति उनकी हिचक निरंतर थी।

यह भी कम आश्चर्यजनक नहीं की एक समय में दीनदयाल जी उदार थे, तो अटलजी और बलराज मधोक अपनी वक्रता के चलते उग्र नेता माने जाते थे। अटलजी का दौर आया तो लालकृष्ण आडवाणी उग्र कहे जाने लगे, फिर एक समय ऐसा भी आया जब आडवानी उदार हो गए और नरेंद्र मोदी उग्र मान जाने लगे। आज की व्याख्याएं सुनें- नरेंद्र मोदी उदार हो गए हैं और योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह उग्र माने जाने लगे हैं। अब तो असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी आदित्यनाथ की परंपरा के मुख्यमंत्री कहे जाने लगे हैं।

सेकुलर संक्रमण से मुक्ति से मिली नई पहचान-

यह मीडिया, बौद्धिकों की अपनी रोज बनाई जाती व्याख्याएं हैं। लेकिन सच यह है कि अटल, मधोक, आडवानी, मोदी, अमित शाह या आदित्यनाथ, हेमंत विश्वशर्मा और शुभेंदु अधिकारी कोई अलग-अलग लोग नहीं है। एक विचार के प्रति समर्पित राष्ट्रनायकों की सूची है यह। इसमें कोई कम जा ज्यादा उदार या कठोर नहीं है। किंतु भारतीय राजनीति का विमर्श ऐसा है जिसमें वास्तविकता से अधिक ड्रामे पर भरोसा है। भारतीय राजनेता की मजबूरी है कि वह टोपी पहने, रोजा भले न रखे किंतु इफ्तार की दावतें दे। आप ध्यान दें सरकारी स्तर पर यह प्रहसन लंबे समय से जारी रहा है। भाजपा भी इसी राजनीतिक क्षेत्र में काम करती है। उसमें भी इस तरह के रोग हैं। वह भी राष्ट्रनीति के साथ थोड़े तुष्टिकरण को गलत नहीं मानती। जबकि उसका अपना नारा रहा है सबको न्याय, तुष्टिकरण किसी का नहीं। उसका एक नारा यह भी रहा है-राम, रोटी और इंसाफ।

लंबे समय के बाद भाजपा में अपनी वैचारिक लाइन को लेकर गर्व का बोध दिख रहा है। असरे बाद वे भारतीय राजनीति के सेकुलर संक्रमण से मुक्त होकर अपनी वैचारिक भूमि पर गरिमा के साथ खड़े दिख रहे हैं। समझौतों और आत्मसमर्पण की मुद्राओं के बजाए उनमें अपनी वैचारिक भूमि के प्रति हीनताग्रंथि के भाव कम हुए हैं। अब वे अन्य दलों की नकल के बजाए एक वैचारिक लाइन लेते हुए दिख रहे हैं। दिखावटी सेकुलरिज्म के बजाए वास्तविक राष्ट्रीयता के उनमें दर्शन हो रहे हैं। मोदी जब एक सौ चालीस करोड़ हिंदुस्तानियों की बात करते हैं तो बात अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक से ऊपर चली जाती है। यहां देश सम्मानित होता है, एक नई राजनीति का प्रारंभ दिखता है।

## हाइड्रोपोनिक्स तकनीक - खेती का नया और स्मार्ट विकल्प

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में बढ़ती जनसंख्या, घटती कृषि भूमि और जल संसाधनों पर बढ़ते दबाव के बीच खेती की नई और टिकाऊ तकनीकों की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। ऐसे समय में हाइड्रोपोनिक्स तकनीक कृषि क्षेत्र में एक अभिनव और प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है। यह ऐसी आधुनिक खेती पद्धति है, जिसमें मिट्टी की आवश्यकता नहीं होती और पौधों को पानी में घुले पोषक तत्वों के माध्यम से उगाया जाता है।

क्या है हाइड्रोपोनिक्स तकनीक?

हाइड्रोपोनिक्स एक वैज्ञानिक कृषि पद्धति है, जिसमें पौधों की जड़ों को पोषक तत्वों से युक्त पानी में रखा जाता है। इस तकनीक में मिट्टी के स्थान पर विशेष माध्यमों का उपयोग किया जाता है, जिससे पौधों को आवश्यक पोषण सीधे प्राप्त होता है। परिणामस्वरूप पौधों की वृद्धि तेजी से होती है और उत्पादन भी बेहतर मिलता है।

कम संसाधनों में अधिक उत्पादन

हाइड्रोपोनिक्स तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें पारंपरिक खेती की तुलना में बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है। सीमित भूमि वाले किसान, शहरी क्षेत्रों के निवासी तथा छोटे उद्यमी भी इस तकनीक के माध्यम से सफलतापूर्वक खेती कर सकते हैं। नियंत्रित वातावरण में फसल उत्पादन होने के कारण मौसम का प्रभाव भी अपेक्षाकृत कम पड़ता है।

विशेषज्ञों के अनुसार हाइड्रोपोनिक्स तकनीक गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित खाद्य उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कम पानी की खपत, रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग और भूमि पर कम दबाव के कारण यह तकनीक पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देती है। यही कारण है कि इसे भविष्य की टिकाऊ कृषि पद्धतियों में शामिल किया जा रहा है।

युवाओं और उद्यमियों के लिए नए अवसर

हाइड्रोपोनिक्स तकनीक केवल खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वरोजगार और कृषि उद्यमिता के नए अवसर भी प्रदान करती है।

## व्यवस्था की चिता पर जलते सपने- आखिर कब रुकेगा मौत का कारोबार?

उपहार सिनेमा अग्निकांड को लगभग तीन दशक बीत चुके हैं। उस घटना में बंद निकास द्वारों के कारण 59 लोगों की मौत हुई थी। देश ने उस समय कड़े कानूनों और सख्त निगरानी की मांग की थी। लेकिन क्या वास्तव में कुछ बदला? यदि बदला होता तो मुंडका, अनाज मंडी, करोल बाग, मालवीय नगर और लखनऊ जैसी घटनाएं दोहराई नहीं जाती। लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में लगी आग में 15 छात्रों की दर्दनाक मौत उस व्यवस्था के चेहरे से नकाब हटाने वाली त्रासदी है, जो वर्षों से भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के सहारे चल रही है। जिन बच्चों को उनके माता-पिता बेहतर भविष्य के सपने लेकर कोचिंग भेजते हैं, वे यदि धुएं से भरे कमरों, बंद दरवाजों और अवैध निर्माणों के बीच दम तोड़ दें तो उसे केवल हादसा कहना सच्चाई से मुंह मोड़ना होगा। यह उन परिस्थितियों में हुई मौत है, जिसे रोका जा सकता था, टाला जा सकता था और जिसकी जिम्मेदारी तय की जा सकती है। इसलिए यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह वास्तव में हादसा था या फिर भ्रष्ट व्यवस्था द्वारा किया गया एक सुनियोजित प्रशासनिक हत्याकांड? घटना के विवरण किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर देने के लिए पर्याप्त हैं। आग लगने के बाद छात्र जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे। कुछ तीसरी मंजिल से नीचे कूद गए, कुछ बाथरूम में छिप गए, यह सोचकर कि शायद वहां धुएं से बच सकेंगे लेकिन दम घुटने से उनकी मौत हो गई। यह दृश्य किसी युद्ध या प्राकृतिक आपदा का नहीं बल्कि उस इमारत का दृश्य था, जिसे नियमों की अनदेखी कर व्यावसायिक लाभ कमाने के लिए तैयार किया गया था। जहां पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे, जहां फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं हुआ और जहां छात्रों की सुरक्षा से अधिक महत्व मुनाफे को दिया गया। कुछ ही समय पहले दिल्ली के मालवीय नगर में भी भीषण आग ने 21 लोगों की जान ले ली थी। उससे पहले मुंडका, अनाज मंडी, करोल बाग, अलीपुर और उपहार सिनेमा जैसे अनेक अग्निकांड देश देख चुका है। हर बार जांच में लगभग एक जैसी बातें सामने आती हैं, अवैध निर्माण, बंद निकास मार्ग, फायर एनओसी का अभाव, क्षमता से अधिक लोगों की मौजूदगी, प्रशासनिक अनदेखी और भ्रष्टाचार। यदि हर बार कारण एक जैसे हैं तो फिर इन घटनाओं को दुर्घटना नहीं बल्कि व्यवस्था की विफलता का परिणाम माना जाना चाहिए। लखनऊ अग्निकांड की प्रारंभिक जांच ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जिस इमारत में कोचिंग सेंटर चल रहा था, वहां स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण किया गया था। सेटबैक क्षेत्र तक को कवर कर लिया गया था। नीचे पेट शॉप और गेमिंग जोन संचालित हो रहे थे जबकि ऊपर कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी चल रही थी। एक ही इमारत में अलग-अलग व्यावसायिक गतिविधियों का ऐसा मिश्रण सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत खतरनाक माना जाता है। सबसे गंभीर तथ्य यह सामने आया कि जिस रास्ते से छात्रों को बाहर निकलना था, वह प्रभावी रूप से बंद था। ऐसे में आग लगने के बाद उनके पास बचने का कोई विकल्प नहीं बचा। यह केवल तकनीकी गलती नहीं बल्कि मानव जीवन के प्रति घोर उपेक्षा का उदाहरण है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि ऐसी इमारतें अस्तित्व में आती कैसे हैं? क्या नगर निगम, विकास प्राधिकरण, फायर विभाग, बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं होती?

## पाठकों की पहली पसंद बनीं ये पांच किताबें, विचार, अध्यात्म और प्रेरणा का साहित्य छाया देशभर में

नई दिल्ली. भारत में पुस्तक संस्कृति एक बार फिर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है. डिजिटल मनोरंजन और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बावजूद पुस्तकों के प्रति पाठकों का आकर्षण लगातार बना हुआ है. पिछले दिनों देशभर के प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन पुस्तक विक्रेताओं के बीच जिन पुस्तकों की सबसे अधिक चर्चा रही, उनमें आत्मविकास, अध्यात्म, प्रेरक जीवन-दर्शन, मनोविज्ञान और भारतीय चिंतन से जुड़ी कृतियों का दबदबा स्पष्ट रूप से दिखाई दिया. विशेष बात यह रही कि इस बार केवल नई पुस्तकें ही नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी कई कालजयी रचनाएं भी फिर से पाठकों की पसंद बनकर चर्चा में रहीं. पुस्तक बाजार के जानकारों का मानना है कि आज का पाठक केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि ऐसा साहित्य पढ़ना चाहता है जो उसे मानसिक मजबूती, जीवन का मार्गदर्शन और नई सोच प्रदान करे. सबसे अधिक चर्चा में रही पुस्तकों में जेम्स क्लियर की एटॉमिक हैबिट्स卐प्रमुख रही. यह पुस्तक पिछले कई वर्षों से विश्वभर की बेस्टसेलर सूची में शामिल है और भारत में भी इसकी लोकप्रियता लगातार बनी हुई है. पुस्तक छोटी-छोटी आदतों के माध्यम से बड़े परिवर्तन लाने की अवधारणा प्रस्तुत करती है.

## कोदो-कुटकी की खेती अपनाएं, पोषण और समृद्धि दोनों पाएं

एल.डी. मानिकपुरी

छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि परंपरा में कोदो और कुटकी का विशेष महत्व रहा है। सदियों से आदिवासी और ग्रामीण समुदायों के भोजन का अभिन्न हिस्सा रहे ये लघु धान्य आज एक बार फिर किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। बदलती जलवायु परिस्थितियों, पोषण संबंधी चुनौतियों और बेहतर कृषि की आवश्यकता के बीच कोदो-कुटकी जैसी मिलेट फसलें भविष्य की खेती का मजबूत आधार बनकर उभर रही हैं। कोदो (पास्पलम स्क्रोबिकुलेटम) और कुटकी (पैनिकम सुमाट्रेंस) ऐसी फसलें हैं जिन्हें कम पानी, कम लागत और सीमित संसाधनों में भी सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है। यही कारण है कि ये छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा का माध्यम बन रही हैं। कम उपजाऊ, पथरीली और ढालू भूमि में भी इनकी खेती संभव है, जहां अन्य फसलें अपेक्षित उत्पादन नहीं दे पातीं। आज जब दुनिया स्वास्थ्यवर्धक भोजन की ओर लौट रही है, तब कोदो और कुटकी का महत्व और बढ़ गया है। कोदो में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, आयरन और कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जबकि कुटकी फाइबर, प्रोटीन, फास्फोरस तथा अन्य खनिज तत्वों से भरपूर होती है। विशेषज्ञों के अनुसार इनका नियमित सेवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और एनीमिया जैसी समस्याओं के नियंत्रण में सहायक हो सकता है। यही वजह है कि आज इन्हें 'सुपर फूड' के रूप में पहचान मिल रही है। छत्तीसगढ़ सरकार भी मिलेट फसलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वर्ष 2026 में कोदो का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3,200 रुपये प्रति क्विंटल तथा कुटकी का 3,350 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलने के साथ इन फसलों की खेती के प्रति उत्साह बढ़ा है। विभागीय जानकारी के अनुसार खरीफ वर्ष 2025 में प्रदेश में कोदो फसल 39.02 हेक्टेयर और कुटकी फसल 38.03 हेक्टेयर रकबे में लगाए गए थे। वैसे विगत खरीफ वर्ष में प्रति हेक्टेयर कोदो की उत्पादन 550 किलोग्राम तथा कुटकी की उत्पादन 675 किलोग्राम दर्ज की गई है। यानी कोदो की उत्पादन 21.46 टन थी, वहीं 25.67 टन कुटकी का उत्पादन हुआ था।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भी किसानों से धान के साथ-साथ कोदो, कुटकी और रागी जैसी फसलों का उत्पादन बढ़ाने की अपील की है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि उन्नत तकनीकों को अपनाकर कोदो-कुटकी की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। मानसून की शुरुआत के साथ जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई के प्रथम पखवाड़े तक बुवाई, बीजोपचार, कतार पद्धति, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा समय पर खरपतवार नियंत्रण जैसे उपाय किसानों को बेहतर उत्पादन दिला सकते हैं। बढ़ती बाजार मांग, मिलेट आधारित उत्पादों का विस्तार और सरकारी प्रोत्साहन योजनाएं इन फसलों के व्यावसायिक महत्व को लगातार बढ़ा रही हैं। एक समय केवल ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों तक सीमित रहने वाली कोदो-कुटकी आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहचान बना रही हैं।

## जहां शिव के साथ विराजती हैं शक्ति, विश्व का इकलौता ऐसा मंदिर

शिव भक्त भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए किसी भी शिवालय में जाकर भगवान शिव की पूजा करते हैं। वहीं भगवान शिव की पूजा करने से जातक के जीवन के कष्टों का अंत होता है। लेकिन द्वादश ज्योतिर्लिंग यानी कि भगवान शिव के 12 शिवलिंगों की पूजा और दर्शन करने का अपना एक अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और सुबह-शाम के स्मरण मात्र से व्यक्ति के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंग में देवघर के बाबा बैद्यनाथ की पूजा का विशेष महत्व होता है। क्योंकि यह इकलौता ऐसा ज्योतिर्लिंग है, जिसके साथ शक्तिपीठ भी मौजूद है।

कामना ज्योतिर्लिंग

झारखंड के देवघर में द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से बाबा बैद्यनाथ का ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठों में से एक मां पार्वती की शक्तिपीठ एक साथ विराजमान है। जिसकी वजह से बाबा बैद्यनाथ को कामना ज्योतिर्लिंग भी कहते हैं। क्योंकि यहां पर जो भक्त आते हैं, वह भगवान शिव के साथ मां शक्ति की भी पूजा-अर्चना करते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# मादक पदार्थों का बढ़ता साम्राज्य और सिमटते सपने

भारत में नशे की समस्या अब महानगरों तक सीमित नहीं रही। यह गांवों, कस्बों, छोटे शहरों और यहां तक कि स्कूलों तथा कॉलेजों तक पहुंच चुकी है। कभी माना जाता था कि नशीले पदार्थों का सेवन केवल संपन्न वर्ग या शहरी संस्कृति की समस्या है लेकिन आज वास्तविकता इससे कहीं अधिक भयावह है।


किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के सपनों, ऊर्जा और सृजनशीलता पर निर्भर करता है लेकिन जब यही युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आने लगे तो यह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं रह जाती बल्कि राष्ट्रीय संकट का रूप धारण कर लेती है। आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों के सामने यही चुनौती खड़ी है। युवाओं की प्रतिभा, उनकी सोच, उनकी रचनात्मकता और उनके भविष्य पर नशे का ऐसा ग्रहण लग रहा है, जो न केवल परिवारों को बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को भीतर से खोखला कर रहा है। इसी गंभीर चुनौती के प्रति वैश्विक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि पूरी मानवता को चेताने का अवसर है कि यदि नशे के बढ़ते दुष्चक्र को समय रहते नहीं रोका गया तो इसके परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतने पड़ेंगे।

भारत में नशे की समस्या अब महानगरों तक सीमित नहीं रही। यह गांवों, कस्बों, छोटे शहरों और यहां तक कि स्कूलों तथा कॉलेजों तक पहुंच चुकी है। कभी माना जाता था कि नशीले पदार्थों का सेवन केवल संपन्न वर्ग या शहरी संस्कृति की समस्या है लेकिन आज वास्तविकता इससे कहीं अधिक भयावह है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन, सिंथेटिक ड्रग्स और इंजेक्शन के माध्यम से लिए जाने वाले नशीले पदार्थों का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। यह स्थिति बताती है कि नशे का नेटवर्क अब समाज की हर परत तक पहुंच चुका है। आज का युवा अनेक प्रकार के दबावों से घिरा हुआ है। प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाएं, पारिवारिक तनाव, मानसिक अवसाद, अकेलापन और त्वरित सफलता की चाह उसे भीतर से कमजोर बना रही है। ऐसे में नशे के सौदागर युवाओं की इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। कई बार मित्रों का दबाव, आधुनिक दिखने की चाह, रोमांच की तलाश या क्षणिक सुख का आकर्षण युवाओं को नशे की ओर धकेल देता है। शुरुआत अक्सर जिज्ञासा से होती है लेकिन धीरे-धीरे यही जिज्ञासा लत और फिर विनाश का कारण बन जाती है।

इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने जहां ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, वहीं नशे के कारोबार को भी नए साधन उपलब्ध कराए हैं। सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स और डार्क वेब के माध्यम से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है। अब नशे का सौदा किसी सुनसान गली तक सीमित नहीं बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन तक पहुंच चुका है। यही कारण है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नशे की पहुंच चिंताजनक रूप से बढ़ती जा रही है। आज देश के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। यह विडंबना ही है कि जिन परिसरों में देश के भविष्य का निर्माण होना चाहिए, वहां कुछ युवा अपने भविष्य को स्वयं नष्ट करने की राह पर बढ़ रहे हैं। आधुनिकता और स्वतंत्रता की गलत व्याख्या ने भी इस समस्या को बढ़ाया है। कई युवाओं को यह भ्रम होता है कि नशा उन्हें अधिक आत्मविश्वासी, रचनात्मक और आधुनिक बनाता है, जबकि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। उसकी निर्णय लेने की शक्ति कमजोर हो जाती है, स्मरणशक्ति प्रभावित होती है, एकाग्रता घटती है और मानसिक संतुलन बिगड़ने लगता है। जो युवा अपने जीवन में बड़े सपने लेकर आगे बढ़ता है, वही नशे की गिरफ्त में आकर अपनी प्रतिभा और संभावनाओं को स्वयं नष्ट कर देता है। यही कारण है कि नशे को केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं बल्कि मानव संसाधन के विनाश की समस्या माना जाता है।

नशीले पदार्थों का सबसे घातक प्रभाव यह है कि वे व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक दोनों रूपों से गुलाम बना देते हैं। एक बार लत लग जाने पर व्यक्ति उसी प्रभाव को बनाए रखने के लिए लगातार अधिक मात्रा में नशा लेने लगता है। परिणामस्वरूप उसका शरीर कमजोर होने लगता है, भूख कम हो जाती है, वजन घटता है, आंखें लाल रहने लगती हैं, नींद प्रभावित होती है, चिड़चिड़ापन बढ़ता है और अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि:मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको लोगों की मदद मिलती रहेगी, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे। परिवार के साथ आज आप हंसी खुशी पल बिताएंगे।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा, साथ ही आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

मिथुन राशि:मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम को करने से पहले बड़ों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। आज आप बढ़ते खर्च को कम करने के लिए नया प्लान बनायेंगे।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। व्यक्तित्व में निखार आयेगा। आज घर पर अचानक मेहमानों का आगमन होगा। आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। कार्यों में जीवनसाथी के सहयोग से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। स्टेशनरी के काम से जुड़े लोगों को आज बढ़िया मुनाफा होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा और समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए राहत पूर्ण रहने वाला है। आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि के कम्प्यूटर शॉप वालों के लिये दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी बड़ी कंपनी से अच्छा ऑर्डर मिल सकता है। छात्रों को अपनी किसी प्रतिभा के लिए पुरस्कार मिल सकता है।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आज आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। आज आप व्यापार को बढ़ाने के लिए जरूरी फैसला लेंगे,

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आज की जाने वाली व्यापारिक यात्रा से अधिक लाभ होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। ऑफिस में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। आज आप घर के लिए कुछ नया सामान खरीदेंगे।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आज आपको आय के नए स्रोत मिलेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी।



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि भाजपा सरकार राज्य में कानून का राज स्थापित करेगी। उन्होंने आम जनता उन्नयन पार्टी ( एजेयूपी ) के विधायक हुमायूं कबीर पर रेजीनगर विधानसभा सीट के उपचुनाव में मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के उद्देश्य से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया। शुभेंदु ने कहा कि मुर्शिदाबाद जिले में दो हालिया जन सभाओं में मुख्यमंत्री और सरकारी तंत्र के खिलाफ हुमायूं कबीर द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के संबंध में उनके विरुद्ध दो आपराधिक मामले दर्ज किये गए हैं।

जबलपुर दिन मंगलवार 30 जून 2026

दैनिक क्षितिज किरण 5

# समुद्र से लेकर आसमान तक, भारत तेजी से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है: पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने चर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड में मन की बात की. इस कार्यक्रम में वह युवाओं को लेकर प्रेरणादायक बातें करते हैं. देश-दुनियां की उन घटनाओं का जिक्र करते हैं जिसका समाज के विकास में सरोकार रहा है.

मन की बात के 135वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, साल 2026 का आधा हिस्सा खत्म होने वाला है. इन 6 महीनों में हमने मन की बात में अपने देशवासियों की कई कामयाबियों पर बात की है. जून में भी देश ने कुछ ऐसी कामयाबियां हासिल की हैं जिनसे हर नागरिक को गर्व है. ये कामयाबियां देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़ी हैं. हाल ही में मुझे कोलकाता में नेवी से जुड़े एक इवेंट में शामिल होने का मौका मिला. वहां आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक, और आईएनएस अग्रे को इंडियन नेवी के बेड़े में शामिल किया गया. इन जहाजों के डिजाइन से लेकर बनाने तक, सब कुछ देसी है. पीएम मोदी ने कहा, देश ने जून महीने में ही एविएशन सेक्टर में भी एक बड़ी कामयाबी हासिल की. सी-295 एयरक्राफ्ट 'मेड इन इंडिया' है, सी-295 एयरक्राफ्ट ने अपनी पहली उड़ान पूरी कर ली है और ऐसे 40 एयरक्राफ्ट यहीं भारत में बनाए जा रहे हैं. इससे एमएसएमई और एयरोस्पेस सेक्टर को नई रफ़्तार मिल रही है, रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प मज़बूत हो रहा है. उन्होंने कहा, इस महीने डीआरडीओ ने एक स्वदेशी 'लॉन्ग-रेंज लैंड-अटैक क्रूज मिसाइल' का भी सफल टेस्ट किया. इसे डीआरडीओ लैब्स और भारतीय इंडस्ट्री पार्टनर्स ने मिलकर बनाया है. दूसरे शब्दों में समुद्र से लेकर आसमान तक, हमारा भारत तेजी से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है.

प्रधानमंत्री ने कहा, जून में एक और इवेंट हुआ जिसमें पूरी दुनिया ने भारत की कोशिशों के साथ हाथ मिलाया और वह इवेंट था 'इंटरनेशनल योगा डे'. इस बार, दुनिया भर में 2,500 से ज़्यादा जगहों पर अलग-अलग योगा इवेंट हुए. हमारे देश में करोड़ों लोगों ने कई जगहों पर योगा प्रोग्राम में हिस्सा लिया. भारत ने इस इवेंट में कुल 114 मेडल जीते, जिसमें 102 गोल्ड मेडल शामिल हैं. भारत इस चैंपियनशिप में मेडल टैली में टॉप पर रहा.

पीएम मोदी ने कहा, पूजा-पाठ खत्म होने के बाद मिट्टी की मूर्तियां अपने आप पानी में घुल जाती हैं. इससे हमारी नदियों, तालाबों और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है. इससे हम अपनी आस्था बनाए रख पाते हैं और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी पूरी कर पाते हैं. जब हम लोकल कारीगरों से मूर्तियां खरीदते हैं, तो हम वोकल फॉर लोकल होने के अपने इरादे को और मजबूत करते हैं. मुझे पूरा भरोसा है कि इस गणेश उत्सव के दौरान और असल में ऐसे हर त्योहार के दौरान हम इन बातों पर गंभीरता से सोचेंगे और देश के हित में कदम उठाएंगे.

उन्होंने आगे कहा, बहुत से लोगों ने मुझे लिखकर एक खास टॉपिक पर बात करने का सुझाव दिया है. यह टॉपिक गणेश उत्सव से जुड़ा है. हालांकि गणेश उत्सव में अभी काफी समय है, लेकिन लोगों ने आग्रह किया है कि इस विषय पर अभी चर्चा की जाए. कृपया यह पक्का करने की कोशिश करें कि आपके घर, सोसायटी या मोहल्ले में स्थापित गणपति बप्पा की मूर्ति हमारे अपने देश की मिट्टी से बनी हो और हमारे अपने कुम्हारों और लोकल कारीगरों के हाथों से बनी हो. मैं गणेश की मूर्ति बनाने वालों से भी आग्रह करता हूं कि वे मिट्टी की मूर्तियों को प्राथमिकता दें, और मैं खरीदारों से कहता हूं कि वे यह देख लें कि मूर्ति किस चीज़ से बनी है और किस देश में बनी है. प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां बिल्कुल न खरीदें.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विक्टोरिया में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी से सेशेल्स के सर्वो%च नागरिक सम्मान गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन से सम्मानित किया गया।



तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष मनिकम टैगोर ने नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की

## ऑपरेशन सिंदूर में जवानों की शहादत पर विवाद, कांग्रेस बोली-रक्षा मंत्री ने संसद को गुमराह किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए 6 जवानों के नाम सार्वजनिक करने के बाद विवाद हो गया है। कांग्रेस ने सरकार पर जानकारी छिपाने और शहीदों का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया है। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 28 जुलाई, 2025 को संसद में दिए गए रक्षा मंत्री के भाषण को गलत तरीके से दिखाने की कोशिश की गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह दावा गलत है कि शहीदों को पहली बार सम्मान मिला।

दरअसल, 26 जून को सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए 6 जवानों के नाम पहली बार सार्वजनिक किए थे। इन नामों को नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट के रोल ऑफ ऑनर में शामिल किया गया है। इन 6 सैनिकों के नाम नई दिल्ली में इंडिया गेट के पास स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में विशेष ग्रेनाइट पट्टिकाओं पर भी स्थायी रूप से अंकित किए गए थे। नाम जारी होने के साथ ही विवाद खड़ा हो गया।

नाम जारी होने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, सिर्फ 2 ही संभावनाएं हैं। या तो रक्षा मंत्री ने जब संसद को संबोधित किया तो उनको यह जानकारी ही नहीं थी कि 6 सैनिक शहीद हो चुके थे। अगर ऐसा है, तो मंत्री पर गंभीर प्रश्नचिह्न है, जिन्हें अपने ही मंत्रालय के मामलों की जानकारी नहीं है। या फिर उन्हें सच्चाई मालूम थी और इसके बावजूद उन्होंने संसद को गुमराह करना चुना। यह उससे भी अधिक गंभीर है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 28 जुलाई, 2025 को संसद में कहा था, हमारे विपक्ष के लोग पूछते हैं कि हमारे कितने विमान गिरे। उन्होंने कभी हमसे ये नहीं पूछा कि हमारी सेना ने दुश्मनों के कितने विमान मार गिराए। अगर आपको सवाल पूछना है तो ये पूछिए कि क्या इस अभियान में हमारे बहादुर सैनिकों को कोई क्षति हुई है ? तो इसका जवाब है- नहीं। इसी बयान पर कांग्रेस रक्षा मंत्री पर गुमराह करने के आरोप लगा रही है। मंत्रालय के मुताबिक, 11 मई, 2025 को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में तत्कालीन सैन्य अभियान महानिदेशक ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी थी। 14 अगस्त, 2025 की प्रेस विज्ञप्ति में शहीदों को वीरता पुरस्कार की जानकारी सार्वजनिक की गई थी। सेना ने सोशल मीडिया के जरिए शहीदों को श्रद्धांजलि दी थी। 8 अक्टूबर, 2025 को वायुसेना प्रमुख ने शहीद सार्जेंट के परिजन को सम्मानित किया था। 15 जनवरी, 2026 को सेना प्रमुख ने 3 शहीदों के परिजनों को मेडल प्रदान किया था।

शहीद जवानों में 10 इन्फेंट्री ब्रिगेड मुख्यालय के सब मेजर पवन कुमार, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट की चौथी बटालियन के राइफलमैन सुनील कुमार, 5वीं फील्ड रेजिमेंट के लांस नायक दिनेश कुमार, 851 लाइट रेजिमेंट से अग्निवीर मूड मुरली नायक, 237 फील्ड वर्कशॉप के हवलदार सुनील कुमार सिंह और वायुसेना की 39वीं विंग के सार्जेंट सुरेंद्र कुमार शामिल हैं। राइफलमैन सुनील कुमार को मरणोपरान्त देश के तीसरे सर्वोच्च युद्ध सम्मान वीर चक्र और सार्जेंट सुरिंदर कुमार को वायु पदक मिला है।

## डीजीएस ने होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय जहाजों की आवाजाही पर लगी पाबंदी हटाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। जहाजरानी महानिदेशालय (डीजीएस) ने खाड़ी क्षेत्र में स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय जहाजों की आवाजाही पर लगाई गई पाबंदी को हटा दिया है। शुक्रवार को घोषित यह निर्णय भारतीय नाविकों वाले व्यापारिक जहाजों से जुड़ी कई सुरक्षा घटनाओं के बाद लिया गया है। डीजीएस ने कहा कि भारतीय जहाज मालिकों और नियुक्ति सेवा लाइसेंस प्राप्त एजेंसियों के लिए इस क्षेत्र में संचालन पर कोई प्रतिबंध नहीं है, बशर्ते वे स्थानीय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। समुद्री मामलों के महानिदेशक (डीजीएस) ने समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को सतर्क रहने और नौवहन संबंधी चेतावनियों पर बारीकी से नजर रखने की सलाह दी है। यह सलाह अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद दी गई है, जिसके जवाब में ईरान ने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैनय ठिकानों पर हमले किए। डीजीएस अब विभिन्न भारतीय मंत्रालयों और एजेंसियों के साथ मिलकर स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहा है। इससे पहले 13 जून को ओमान के तट पर एमटी सेट्टेबेलो पर हुए अमेरिकी हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत के बाद, डीजीएस ने खाड़ी क्षेत्र में भारतीय जहाजों की आवाजाही और नाविकों की तैनाती पर प्रतिबंध लगाया था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विक्टोरिया में सेशेल्स की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

## दिल्ली में राजस्व अधिकारियों मिलेगी कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां, उपराज्यपाल ने दी मंजूरी

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और कानून व्यवस्था तंत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के प्रशासनिक पुनर्गठन के बाद प्रमुख राजस्व अधिकारियों को कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान करने को मंजूरी दे दी है। बता दें कि इस प्रस्ताव को पहले गृह मंत्री और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंजूरी देकर उपराज्यपाल के पास अनुमति के लिए भेजा था। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा-14 के तहत उपायुक्तों/जिला मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, राजस्व सहायक, तहसीलदार और समेकन अधिकारियों को उनके संबंधित पुनर्गठित क्षेत्राधिकार में कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां देने की मंजूरी दी गई है। यह कदम प्रशासनिक पुनर्गठन के मद्देनजर उठाया है और इसका उद्देश्य जिला स्तर पर प्रशासन की दक्षता में सुधार करना और कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत बनाना है। बीएनएस की धारा-14 ने पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता का स्थान लिया है। धारा-14 राज्य सरकार को कार्यकारी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने, जिला मजिस्ट्रेट और सहायक जिला मजिस्ट्रेट नामित करने और उपमंडलों के प्रभारी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने का अधिकार देती है।

## 650 करोड़ के सीपीए घोटाला मामला- पूर्व डीजीएचएस डॉक्टर वत्सला अग्रवाल सहित दो गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े 650 करोड़ रुपये से अधिक के सेंट्रल प्रिक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) दवा खरीद घोटाले में एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व डीजीएचएस डॉ. वत्सला अग्रवाल और डिप्टी कंट्रोलर फाइनेंस नीरज चोपड़ा को गिरफ्तार कर लिया है.

बता दें कि इससे पहले सीपीए के पूर्व हेड ऑफ ऑफिस (एचओओ) डॉ. विनोद कुमार रंगा को भी गिरफ्तार किया गया था और उन्हें 4 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है. डॉक्टर रंगा पर जांच में सहयोग न करने और महत्वपूर्ण फाइलें व रिकॉर्ड्स छुपाने के गंभीर आरोप लगे हैं. इस पूरे मामले में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और आपराधिक साजिश के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि टेंडर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गईं. दवाओं और मेडिकल उपकरणों की खरीद कई गुना अधिक कीमत पर की गई और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज कार्यालय से गायब कर दिए गए. एसीबी अब पूरे मामले में मनी ट्रेल की भी जांच कर रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि इस कथित घोटाले से किन लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचा है. जांच एजेंसी के मुताबिक इस मामले में कुछ आईएएस अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है. उनकी भी जांच की जा रही है.

## राम मंदिर दान विवाद: सभी आरोपियों के घर पर पुलिस ने मारा छापा

अयोध्या (आरएनएस)। अयोध्या के राम मंदिर दान विवाद में आज सुबह-सुबह पुलिस ने सभी आरोपियों के घर छापा मारा है। पुलिस की कई टीमों ने एक साथ अयोध्या में आरोपियों के घरों पर दबिश दी है। इस दौरान परिवार के लोगों और पड़ोसियों से पूछताछ की गई। कुछ आरोपियों के घरों पर ताला लगा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस का मानना है कि आरोपियों के घर से चोरी की गई राशि या आभूषण वगैरह बरामद हो सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस में आरोपी अविनाश शुक्ला के कौशलपुरी स्थित घर पर दबिश दी। उनके न मिलने पर पुलिस ने कौशलपुरी में किराना स्टोर चलाने वाले राहुल कुमार से पूछताछ की। वहीं, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का करीबी और ड्राइवर रामशंकर यावद उर्फ टिन्नू यादव के घर भी पुलिस टीम पहुंची। हालांकि, यहां ताला लगा मिला। इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की।



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा के केंद्रपाड़ा ज़िले में भगवान श्री बलदेवजीउ मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुँचे।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली के पूसा स्थित एनएएससी कॉम्प्लेक्स में आयोजित %राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन 2026% के दौरान %विकसित भारत - जय राम जी% सत्र में शामिल हुए।

## 9 राज्यों में मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट, यूपी में दो दिन तक जारी रहेगा हीटवेव का कहर

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस सप्ताह पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की है। आईएमडी के अनुसार 27 से 29 जून के दौरान उप हिमालय पश्चिम बंगाल और सिक्किम में और 28 जून को असम और मेघालय में कुछ स्थानों पर बहुत ज्यादा वर्षा हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश में हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। यह अगले दो दिनों तक जारी रहेगी। मानसून फिलहाल रुका हुआ है और इसकी उत्तरी सीमा सूरत, इंदौर, मंडला, डाल्टनगंज ,मोतिहारी से गुजर रही है। अगले तीन-चार दिनों में मानसून के गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के बाकी हिस्सों को कवर करने और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में पहुंचने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती हुई दिखाई दे रही हैं।

पश्चिमी बंगाल और पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों में पिछले 24 घंटे में भारी वर्षा दर्ज की गई है। पूर्वी मध्य प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में सामान्य बारिश देखी गई है।

अगले तीन चार दिनों तक देश के अधिकांश हिस्सों में मौसम में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद उत्तर पश्चिम भारत में चार से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। मध्य भारत में दो से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी और पूर्वी भारत में एक से 3 जुलाई के बीच दो से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। देश के अन्य हिस्सों में अगले सात दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है।

पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बहुत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां कुछ जगहों पर 21 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश के आसार हैं। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, विदर्भ और पूर्वी मध्य प्रदेश में ऑरेंज वार्निंग जारी की गई है। इन सभी क्षेत्रों में खासकर बिहार, उड़ीसा और झारखंड में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर उष्म लहर की स्थिति जारी रहेगी। इसके लिए येलो वार्निंग दी गई है। पश्चिमी मध्य प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल और तटीय कर्नाटक में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। दिल्ली में शनिवार को वास्तविक तापमान से कहीं अधिक गर्मी



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना खमरिया में रात सुनील पटेल उम्र 45 साल निवासी काछी मोहल्ला पिपरिया खमरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह स्वयं का एल.पी.जी आटो क्रमांक एम.पी. 20 आर. 8204 चलाता है खमरिया बाजार से तीन महिला सबारी को लेकर पिपरिया आ रहा था तभी खमरिया अस्पताल मोड़ के आंगे इमली के पेड़ के पास सामने से आ रही कार चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर उसकी आटो में दाहिने तरफटक्कर मारी है जिससे आटो पलट गई जिसमें बैठी एक महिला सबारी को ज्यादा चोट आई है



# दादा ईश्वरदास रोहाणी स्मृति गौरव शिखर सम्मान 2026 का आयोजन 1 जुलाई को



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी की पावन स्मृति में गौरव शिखर सम्मान 2026 का आयोजन 1 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की गई। स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी जी का संपूर्ण जीवन समाज सेवा, जनकल्याण और लोकहित के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राजनीति को सदैव सेवा का माध्यम माना तथा अपने जन्मदिवस को उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि समाज सेवा के पर्व के रूप में मनाने की प्रेरणादायक परंपरा स्थापित की। प्रतिवर्ष उनके जन्मदिवस पर विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते थे, जिनमें देश के प्रतिष्ठित चिकित्सकों के सहयोग से जटिल से जटिल शल्य चिकित्सा भी नि:शुल्क संपन्न कराई जाती थी। शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों के सहयोग से हजारों मरीजों को नया जीवन मिला।

इसी प्रकार उन्होंने रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए जबलपुर में स्वैच्छिक रक्तदान की ऐसी अलख जगाई, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष हजारों यूनिट रक्त एकत्रित होकर असंख्य जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा का माध्यम बना। उनका संपूर्ण जीवन सेवा, संवेदना, सादगी और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणास्त्रोत रहा। दादा जी के देवलोक गमन के उपरांत भी उनकी जनसेवा की इस गौरवशाली परंपरा को माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी सेवा संकल्प को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के उद्देश्य से इस वर्ष पहली बार दादा ईश्वरदास रोहाणी स्मृति गौरव शिखर सम्मान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि यह भव्य समारोह 1 जुलाई 2026 (बुधवार) को अपराह्न 3ः30 बजे से मानस भवन, राइट टाउन, जबलपुर में आयोजित होगा। समारोह का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट, अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी योगदान देने वाली विभूतियों का सार्वजनिक सम्मान कर समाज में सकारात्मक चेतना एवं सेवा भावना का विस्तार करना है।

इस अवसर पर 12 विशिष्ट क्षेत्रों—शिक्षा, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, संस्कृति एवं कुटुंब प्रबोधन, युवा प्रेरणा, सनातन ज्ञान, उद्योग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पत्रकारिता, सेवानिवृत्त सेवा, विधि एवं न्याय—में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को 卐गौरव शिखर सम्मान 2026卐 से सम्मानित किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह में मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल हरविंदर सिंह वंद्रा करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय श्री जगदीश देवड़ा जी (उप मुख्यमंत्री) तथा माननीय श्री राकेश सिंह जी (लोक निर्माण मंत्री, मध्यप्रदेश शासन) अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ. राजेश धीरावाणी, डॉ. स्वाति गोडबोले, श्री रवि गुप्ता, श्री चैतन्य भट्ट, श्री अजय ग्रोवर, श्री संदीप विजन, श्री रजनीत जैन, श्री पंकज गोयल, श्री अनिल नंदवानी, श्री सौरभ बड़ेरिया, एडवोकेट सुमित रघुवंशी एवं श्री अरुण अग्रवाल (अज्जू) तथा आयोजन सचिव डॉ. सुनील मिश्र उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण, भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं दीप प्रज्वलन के साथ होगा,

स्नान पूर्णिमा पर भगवान ने किया स्नान, मान्यता अनुसार भगवान पड़े बीमार

# भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर के कपाट 15 दिनों के लिए बंद

15 दिन जड़ी बूटी एवं काढ़े का लगेगा भोग



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्नान पूर्णिमा पर वात्री साहू समाज द्वारा संचालित भगवान जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक में स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की प्रतिमा के स्नान, पूजन एवं आरती के पश्चात मंदिर के कपाट 15 दिनों के लिए बंद कर दिए गए है, भगवान के दर्शन अब रथयात्रा के एक दिवस पूर्व बुधवार 15 जुलाई को होंगे। ट्रस्ट के सदस्य श्रीकान्त साहू ने बताया मान्यता है कि ज्येष्ठ की भीषण गर्मी में शीतल जल से स्नान के कारण भगवान जगन्नाथ को ज्वर (बुखार) आ जाता है और वे अस्वस्थ हो जाते हैं। शास्त्रानुसार भगवान जगन्नाथ के अस्वस्थ होने को उनकी %ज्वरलीला% कहा जाता है। इस अवधि में केवल उनके व निजी सेवक जिन्हें %दयितगण% कहा जाता, वे ही उनके एकांतवास में प्रवेश कर सकते हैं। 15 दिनों की इस अवधि को %अनवसर% कहा जाता है। उन्होंने बताया अनवसर% के इस काल में भगवान जगन्नाथ को स्वास्थ्य लाभ के लिए जड़ी-बूटी, खिचड़ी, दलिया एवं फलों के रस का भोग लगाया जाता है। अनवसर काल के पश्चात भगवान जगन्नाथ पूर्ण स्वस्थ होकर अपने भक्तों से मिलने के लिए रथ पर सवार होकर निकलते हैं जिसे सुप्रसिद्ध %रथयात्रा% कहा जाता है। प्रतिवर्ष यह %रथयात्रा% आषाढ़ शुक्ल पक्ष की तिथि को निकाली जाती है। श्री साहू ने बताया इस वर्ष रथयात्रा गुरुवार 16 जुलाई को निकाली जाएगी जो साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर हनुमानताल में सम्पन्न होंगी, यात्रा मार्ग में भगवान भक्तो को दर्शन देंगे और बड़ी खेरमाई स्थित सिंह वाहनी मंदिर में भगवान अपनी मौसी के घर विश्राम करेंगे।

## विद्युत विभाग के सुरक्षा उप निरीक्षक मुबीन खान की सेवानिवृत्ति आज



जबलपुर। मप्र पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर में सुरक्षा उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत मो. मुबीन खान अपनी 37 वर्ष की सेवा कार्य पूर्ण कर आज 30 जून को सेवानिवृत हो रहे हैं। विद्युत विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी जाएगी। आप विद्युत विभाग में कार्यरत रहे प्रशासनिक अधिकारी स्व. एमबी खान के पुत्र तथा कदीर खान, सगीर खान एवं पठान समाज के सरदार वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान के भाई हैं। बिदाई समारोह में स्वागत हेतु उपस्थिति की अपील शब्बीर खान, हाजी अयाज खान, हाजी जावेद खान आदि ने की हैं।

## शिक्षिका ओमवती अग्रवाल की सेवानिवृत्ति आज



जबलपुर। शासकीय कमला नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका ओमवती अग्रवाल 37 वर्ष की सेवा कार्य पूर्ण कर आज 30 जून को सेवानिवृत हो रही हैं। शालेय परिवार द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी जाएगी 7

# विक्टोरिया अस्पताल में मरीजों को वितरित किये गये फल



जबलपुर। मुहर्रम के अवसर पर खिदमत की संस्था मोहसिने आज़म मिशन की द्वारा विक्टोरिया अस्पताल में फल फ्रूट की 250 किट मरीज़ों को भेंट कर इंसानियत, ख़िदमत और हमदर्दी की एक ख़ूबसूरत मिसाल पेश की। मिशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा कार्य हर वर्ष की तरह इस बार भी मोहसिने आज़म मिशन के संस्थापक हज़रत सैय्यद हसन असकरी अशरफी अल जिलानी (किछौछा शरीफ़) के निर्देशानुसार हज़रत सैय्यद हसन अब्दुल्ला अशरफ, अशरफी अल जीलानी साहब के मुबारक हाथों से अस्पताल में भर्ती मरीज़ों को फ्रूट किटें तक़सीम की गईं। फल पाकर मरीज़ों और उनके तीमारदारों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। उन्होंने मिशन की इस ख़िदमत और इंसानी हमदर्दी की भरपूर सराहना की।

मिशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यौमे आशूरा केवल इबादत और याद-ए-शहादत का दिन नहीं है, बल्कि यह इंसानियत, मोहब्बत, सब्र और ख़ल्क़-ए-ख़ुदा की ख़िदमत का भी अहम पैग़ाम देता है। इसी जज़्बे के तहत हर वर्ष अस्पतालों, ग़रीबों और ज़रूरतमंदों के बीच सेवा कार्य किए जाते हैं। फल वितरण कार्यक्रम के समापन पर हज़रत सैय्यद हसन अब्दुल्ला अशरफ अशरफी अल जीलानी साहब ने मोहसिने आज़म मिशन के तमाम पदाधिकारियों और ख़िदमतगारों के लिए ख़ुसूसी दुआ फ़रमाई। उन्होंने कहा कि समाज की बेहतरी और इंसानियत की ख़िदमत का यह सिलसिला इसी तरह जारी रहना चाहिए, क्योंकि यही असली दीन और समाज की सच्ची सेवा है। इस अवसर पर मोहसिने आज़म मिशन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाजसेवी बड़ी तादाद में मौजूद रहे तथा पूरे कार्यक्रम को ख़ुशनुमा और ख़िदमत के जज़्बे के साथ अंजाम दिया।

मध्य भारत मोर्चा ने की शिकायत

# रेलवे के पार्सल आफिस में आय दिन हो रही चोरी



जबलपुर। रेलवे पार्सल ऑफिस में आये दिन हो रही चोरी की वारदात को लेकर मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों ने रेलवे आर पी एफ और पार्सल ऑफिस में जा कर चोरी की घटना की शिकायत की है और चोरो को पकड़ कर करवाही की मांग की मोर्चा के सचिव दिलीप विश्वकर्मा श्री राम रेल करगो का कम करते है जिनका पार्सल ऑफिस से माल आता जाता है जब मुंबई की गाड़ी से उनका पार्सल आया तो पार्सल से प्लेटफॉर्म पर ही किसी ने सामान चोरी कर लिया जिसकी शिकायत मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों द्वारा रेलवे विभाग में कि गई है ये चोरी की पहली वारदात नहीं है पहले भी कई पार्सलों से इसी चोरी की घटनाएं हो चुकी है परंतु रेलवे के ढीले ढाले रवैया के चलते चोरी के हौसले बुलंद है मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा , नरेश , अभिराज, आकाश, सुमित आदि ने चोरों को पकड़ के सख्त कारवाही करने की मांग की ।

## शरद यादव जयंती पर लोकतंत्र, छात्र राजनीति एवं सामाजिक न्याय पर होगा राष्ट्रीय संवाद



जबलपुर। शरद यादव विचार मंच एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ (शिक्षण विभाग) के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय शरद यादव की जयंती के अवसर पर 1 जुलाई बुधवार को वृक्षारोपण प्रात: 11ः00 बजेअंबेडकर चौक स्थित ललित गार्डन में होगा। राष्ट्रीय संवाद का कार्यक्रम 卐लोकतंत्र का भविष्य और छात्र राजनीति, संघर्ष, संवाद एवं नेतृत्व निर्माण卐 विषय पर बुधवार को ही दोपहर 1 बजे से शहीद स्मारक, गोल बाजार में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री तथा अध्यक्षता आशीष दुबे सांसद करेंगे।

मुख्य वक्ता डॉ. गोविंद सिंह , पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष, विधानसभा होंगे। विशिष्ट अतिथि लखन घनघोरिया विधायक, राजा पटेरिया पूर्व मंत्री, जगत बहादुर सिंह 卐अन्नू卐 महापौर, महापौर रहेंगे सभी से उपस्थिति की अपील रामरतन यादव, डॉक्टर प्रशांत मिश्रा, दिनेश सिंह ठाकुर, अशोक तोमर, बैजनाथ कुशवाहा, संदीप वर्मा, घनश्याम यादव, डॉक्टर राजेंद्र पिल्ले आदि ने की है।

# संत कबीर का व्यक्तित्व आज भी प्रासंगिक- डॉ अलकेश चतुर्वेदी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संत कबीर जी के चिंतन के प्रचार प्रसार में 35 वर्षों से निरंतर सक्रिय साहित्यिक संस्था साहित्य सहोदर द्वारा 29 जून 2026 को श्री जानकी रमण महाविद्यालय जबलपुर में कबीर सम्मान एवं कृति लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता शरद भाई पालन ने की । मुख्य अतिथि डॉ अलकेश चतुर्वेदी प्राचार्य पी.एम.एक्सीलेंस महाकौशल महाविद्यालय ने संत कबीर के व्यक्तित्व एबं कृतित्व से सामान्य जन भी प्रभावित हैं तभी तो वर्तमान समय में और ज्यादा प्रासंगिक हैं सारस्वत अतिथि के रुप में श्री संदीप जैन अध्यक्ष जबलपुर विकास प्राधिकरण ने कहा कि आज से 500 वर्ष पहले समरसता की अलख जगाई जो आजभी प्रासंगिक है ,प्रशांत केशरवानी उपाध्यक्ष जविप्रा,डॉ भजनलाल महोबिया सभी ने अपने विचार प्रकटकिए। कार्यक्रम मेंवक्ता आचार्य उमाशंकर दुबे ने कबीर को महान बताते हुए कबीर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला सभीअतिथि गणों ने श्री सुरेश मिश्र विचित्र जी की कृति कटर पिल्ला का लोकार्पण किया। पुस्तक पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार श्री अभिमन्यु जैन ने कहा यह पुस्तक पढने योग्य है।

इस अवसर पर अपने अपने क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।

सम्मानित सहोदर द्वारका गुप्त गुप्तेश्वर, कौलाशाचंद अवस्थी,जगतमणि चतुर्वेदी, डॉ संध्या जैन श्रुति, रामकृष्ण परमहंस पांडे,आशुतोष तिवारी दीपक तिवारी,डॉ विनीता पाडें विनीत को शाल-श्रीफल सम्मान पत्र के द्वारा सम्मानित किया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना नाट्य लोक संस्था के कलाकारों ने प्रस्तुत की। आरंभ में अतिथि स्वागत के पश्चात संस्था प्रतिवेदन श्री सुरेश मिश्र विचित्र ने प्रस्तुत किया,कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ.अभिजात त्रिपाठी के द्वारा किया गया कार्यक्रम के द्वितीय चरण में नाट्य लोक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था के कलाकारों कलाकारों द्वारा शानदार कबीर भजनों की प्रस्तुति दी , नाट्य लोक की नवोदित बाल कलाकार ने कबीर के दोहों का वाचन किया।

आभार राजेश पाठक प्रवीण के द्वारा किया गया ।सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ आनंद सिंह राणा के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में प्रमुख रुप से डॉ कौशल दुबे,डॉ गंगाधर त्रिपाठी विनोद नयन,राजेश पाठक प्रवीण, विजय तिवारी ,प्रतुल श्रीवास्तव रविन्द्र राघव, संतोष नेमा, महेश मानव आचार्य आशुतोष दीक्षित,डॉ बैजनाथ गौतम डॉ मुकुल तिवारी डॉ अरुणा पांडेय,प्रीति राठौर, डॉ रानु रुही ,माधुरी मिश्रा,संध्या अग्रवाल ,कृष्णा राजपूत, प्रीति भूमिजा अनुराधा दुबे,विनीता पैगवार, शालू पाण्डे संख्या में साहित्य सुधीजन उपस्थित हुए।

वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी में डॉ तनुजा चौधरी एवं सुशील जैन के काव्य पटल लोकार्पित

# साहित्य - सामाजिक संस्कृति,जीवन मूल्यों, और ऐतिहासिक विरासत का परिचायक



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्तिका की काव्य गोष्ठी नूतन मराठी स्कूल गोल बाजार में मुख्य अतिथि श्री शरद अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्रीजानकीरमन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अभिजात कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में उल्लास के साथ संपन्न हुई.! जिसमें डॉ तनुजा चौधरी एवं सुशील जैन के काव्य पटल का लोकार्पण भी किया गया जो आम जनता के लिए एक माह तक शहीद स्मारक प्रांगण में लगाया जाता है.! इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि साहित्य सामाजिक संस्कृतियों, जीवन मूल्यों और ऐतिहासिक विरासत का परिचायक होता है हर काल में बदलते परिवेश के अनुसार साहित्य सृजन हमें तत्कालीन समय की परिस्थितियों से अवगत कराता है.! आज जरूरत है नैतिक मूल्यों की जिसका लगातार ह्रास हमें देखने मिल रहा है परिवार विघटित हो रहे हैं.! संयोजक विजय नेमा अनुज ने संस्थागत कार्यक्रमों की जानकारी दी.! एवं कहा कि वर्तिका हमेशा नवोदित साहित्यकारों को मंच प्रदान करती है.! राजेश पाठक प्रवीण ने प्रथम चरण का संचालन करते हुए अपने विशिष्ट उद्बोधन में कहा कि वर्तिका पिछले लगभग 38 वर्षों से अपनी साहित्यिक गतिविधियों को अंजाम दे रही है.!अध्यक्ष संतोष नेमा संतोष ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में परिवार प्रबोधन,पर्यावरण,स्वदेशी, समरसता,एवं नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर साहित्यकारों को सृजन कर समाज को एक नई दिशा देना होगा.! सरस्वती वंदना श्रीमती अर्चना गोस्वामी द्वारा प्रस्तुत की गई कार्यक्रम का संचालन अखिलेश खरे अखिल द्वारा किया गया.! इस अवसर पर डॉ कौशल दुबे, अभिमन्यु जैन एवं शिवकुमार व्यास जी को मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी में पुरस्कार हेतु चयनित किए जाने पर सम्मान किया गया.! कार्यक्रम में आभार ज्योति मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया.!कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की प्रतिमा अखिलेश, मंजुलता इंगले, प्रतुल श्रीवास्तव,विजय जायसवाल, राजसागरी,शेखर शर्मा ,सुरेश विचित्र,दिवाकर शर्मा रमाकांत गौतम, रविंद्र राघव,यू एस दुबे,द्वारका गुप्त गुप्तेश्वर, बच्चन श्रीवास्तव,अनंत राम चौबे,आर के पासी,महेश स्थापक, आदि की उपस्थिति उल्लेखनी रही.!

द्वितीय चरण में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने एक से बढ़कर एक विभिन्न विषयों पर रचनाओं की प्रस्तुति की जिनमें हीराधर बड़गैयां,विवेक गुप्ता, विजय विश्वकर्मा प्रेम कुमार पालीवाल,शशि कला सेन,प्रभा श्रीवास्तव बच्चन, प्रीति नामदेव, जयप्रकाश श्रीवास्तव उर्मिला श्रीवास्तव विजय सिन्हा,कुंजीलाल चक्रवर्ती, लखनलाल रजक,सुशील श्रीवास्तव,एम एल बहोंरिया, राजेंद्र मिश्रा, विजय बागरी,दीनदयाल तिवारी, अनुराधा गर्ग, प्रकाश ठाकुर,मनोज जैन मित्र, विवेक नेमा,वंदना सोनी,निरंजन द्विवेदी, नवोदित साहित्यकार खुशी सेन,प्रिंस पाटकर,सुशील जैन आभा,कालिदास ताम्रकार आदि ने अपनी कविताओं से दर्शकों का मन मोह लिया.!

## जश्ने मौला हुसैन के लंगर में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़



जबलपुर। नया मुहल्ला स्थित बंद कुआं परिसर में जश्ने मौला हुसैन एवं लंगर-ए-आम का आयोजन अकीदत और एहतराम के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में हज़ारों अकीदतमंदों ने लंगर ए आम में शिरकत करी।

आयोजक समाजसेवी पप्पू वसीम खान ने बताया कि इस परंपरा की शुरुआत 42 वर्ष पूर्व मरहूम अलीम खान ने की थी, जिसे आज भी पूरी अकीदत के साथ निरंतर निभाया जा रहा है।

कार्यक्रम का आगाज़ सुबह 10 बजे हाफिज साहिबानों की कुरानख्वानी और नज़र-ओ-नियाज़ से हुआ। इसके बाद लंगर-ए-आम तकसीम किया गया, जिसमें महिलाओं, बच्चों और बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिकों का फूल-मालाओं से इस्तकबाल भी किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर जावेद खान, नजीब खान, इम्तियाज पटेल, आमीन भाई, जुनैद खान ने सभी मेहमानों और अकीदतमंदों का स्वागत करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना अधारताल में रात निर्भय सिंह ठाकुर उम्र 40 वर्ष निवासी सुहागी पटेल नगर ने सूचना दी कि शाम लगभग 7-30 बजे व्हीकल मोड़ हनुमान मंदिर बावली के पास पैदल घर जाते समय उसके पिता जी मुलायम सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे जिन्हें सिर में चोट आने से उपचार हेतु सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल मदनमहल में भर्ती कराया गया था घटना के समय से ही पिताजी कोमा में थे दिनांक 25-6-26 की रात डाक्टर की सलाह पर घर ले आये थे, आज रात लगभग 1-20 बजे मृत्यु हो गयी है।**

### नगर निगम द्वारा 2.70 करोड़ रुपये की लागत विकास कार्यो का भूमिपूजन सम्पन्न

# 100 फीट चैड़ी अत्याधुनिक मॉडल रोड़ बनेगी - महापौर

### मध्य विधानसभा क्षेत्र में तेज चल रहे विकास कार्य - विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और वार्डों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में नगर निगम ने एक और कदम बढ़ाया है। संभाग क्रमांक 06 के अंतर्गत आने वाले दमोहनाका दीनदयाल वार्ड में 2.70 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने उत्तर-मध्य विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, और एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती मोनिका पुष्पेंद्र सिंह, पार्षद लवली आमद, श्रीमती मधुवाला राजपूत, श्रीमती सोनिया रंजीत सिंह, अतुल जैन दानी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पाण्डेय, पूर्व पार्षद देवी सिंह, शंकर श्रीवास्तव, रामप्रकाश गर्ग, बद्री शिवहरे, पुन्नू यादव, राजशे तिवारी, राजकुमार पटैल, करन चंदेल, बी.डी. साहू, उज्जवल पचैरी के साथ भव्य भूमिपूजन किया।

महापौर श्री अन्नू ने बताया कि ग्रीन सिटी जंक्शन से शिवाजी नगर तक एम-40 सीसी रोड, नाली, डिवाइडर, पाथवे और आकर्षक साइनेज का निर्माण किया जाएगा, अत्याधुनिक मॉडल रोड़ बनकर तैयार होगी। विधायक श्री पाण्डेय ने बताया कि मध्य विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2.70 करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र की सूरत पूरी तरह बदलने वाली है, एम-40 ग्रेड की मजबूत सीसी रोड का निर्माण, नाली, पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित फुटपाथ और यातायात को नियंत्रित करने के लिए सुंदर डिवाइडर, राहगीरों और वाहन चालकों की सुविधा के लिए दिशा-सूचक और संकेतक बोर्ड आदि कार्य कराये जायेगें। निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने कहा कि नगर निगम द्वारा 4 वर्षों में लगभग 2 हजार करोड़ रूपये के कार्य कराए गये हैं। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" एवं विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि ग्रीन सिटी जंक्शन से शिवाजी नगर तक बनने वाली यह सड़क और पाथवे न केवल इस क्षेत्र की खूबसूरती बढ़ाएंगे, बल्कि स्थानीय नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर करेंगे। उन्होंने ने क्षेत्रीय नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ संस्कारधानी में भी विकास कार्यों की गंगा बह रही है। यह सड़क बनने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुधरेगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। भूमिपूजन के अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने महापौर, विधायक और क्षेत्रीय पार्षद का आभार व्यक्त किया।

## MPSU का आस्था बचाओ - अर्थी जुलूस ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न, सैकड़ों युवाओं ने भरी हुंकार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म.प्र. छात्र संघ के तत्वाधान में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में पारदर्शिता की मांग को लेकर आस्था बचाओ - अर्थी जुलूस का आयोजन कमानिया गेट से मालवीय चौक तक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष आकाश खरे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष अभिषेक पांडेय उपस्थित रहे। सैकड़ों रामभक्तों और छात्र कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और भगवा ध्वज लेकर राम के नाम पर खेल बंद करो, के नारों से जबलपुर की सड़कें गूंजा दीं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे-

आकाश खरे, अभिषेक पांडेय, जतिन कनौजिया, कृष्णा तिवारी, निहाल यादव, आदित्य भारद्वाज, यश कनौजिया, अर्थ मिश्रा, पृथ्वी सिंह, अभिनव सिंह, सागर तिवारी, वृंद मेहरा, मनोज यादव एवं सैकड़ों कार्यकर्ता।

जिला उपाध्यक्ष आकाश खरे ने कहा-

3000 कारसेवकों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे। राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। चंदे के एक-एक पैसे और जमीन की एक-एक इंच का हिसाब देश को चाहिए। जब तक ष्ट्त या सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच नहीं होती, ये आंदोलन रुकेगा नहीं। ये शुरुआत है, अंत नहीं।

अध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने कहा- आज युवा सड़क पर है क्योंकि आस्था पर चोट हुई है। हम किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए लड़ रहे हैं। ट्रस्ट को जवाब देना ही होगा।

हमारी मांगे पूर्ववत हैं- राम मंदिर ट्रस्ट की वित्तीय जांच ष्ट्त या सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो। जमीन खरीद-बिक्री के सभी दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं। दोषी पाए जाने पर ट्रस्ट का पुनर्गठन हो। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। म.प्र. छात्र संघ ने प्रशासन को धन्यवाद दिया। राम के नाम पर कोई समझौता नहीं।

## करणी सेना द्वारा जबलपुर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का जीर्णोद्धार होने के बाद भव्य माल्यार्पण कर शौर्य को किया नमन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। करणी सेना जबलपुर द्वारा मदन महल पहाड़ी स्थित शैलपर्ण उद्यान में हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी की प्रतिमा को पुन: उसके गौरवमयी स्वरूप में स्थापित होने के बाद आज करणी सेना के पदाधिकारियों द्वारा भव्य माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । संगठन के प्रयासों से प्रतिमा की गरिमा को बहाल किया गया है।आज आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की, माल्यार्पण किया और %सम्राट पृथ्वीराज चौहान अमर रहें% के गगनभेदी नारे लगाए। इस अवसर पर करणी सेना के सह-सचिव धनंजय शुक्ला ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, सम्राट पृथ्वीराज चौहान हमारे देश के गौरव और शौर्य के प्रतीक हैं। हमारी सांस्कृतिक धरोहरों और महापुरुषों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। करणी सेना इतिहास और महापुरुषों के सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। कार्यक्रम में करणी सेना के अध्यक्ष भानु चौहान, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, सचिव रोमी राजपूत, सोमेंद्र सिंह चौहान, देव ठाकुर, हर्ष स्वरूप सिंह परमार,

विवेक प्रताप सिंह, वेदांत सिंह चौहान, आशु ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, शेरा, प्रियांश, मोहित शर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे। सभी ने करणी सेना के इस त्वरित और सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

# जबलपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री कृष्णमूर्ति मिश्र, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ब्योहरबाग, जबलपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें सामाजिक कुरीतियों एवं अपराधों से सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शक्ति वर्मा ने कहा कि कानून की जानकारी प्रत्येक बालिका की सबसे बड़ी सुरक्षा है। जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है तथा समाज को सुरक्षित एवं सशक्त बना सकता है।

उन्होंने छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (पॉश) अधिनियम, 2013 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए महिलाओं को



उपलब्ध कानूनी संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण, गुड टच-बैड टच, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत संबंधित अधिकारियों एवं हेल्पलाइन से संपर्क करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के अंतर्गत नशीले पदार्थों से संबंधित कानूनी प्रावधानों, ड्रग्स, शराब एवं तंबाकू के दुष्प्रभावों तथा नशे के कारण व्यक्ति, परिवार और समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही नशा मुक्ति हेतु संचालित सरकारी हेल्पलाइन 14446 की जानकारी देते हुए छात्राओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। शिविर में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा, आत्मविश्वास एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर नालसा की तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक साक्षरता शिविर तथा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक साक्षरता शिविर योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी शिक्षकों ने छात्राओं को विधिक रूप से जागरूक बनाने के इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें समाज में कानून के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर के अंत में छात्राओं ने विभिन्न कानूनी विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका सचिव श्रीमती शक्ति वर्मा द्वारा सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विधिक जागरूकता का संकल्प लिया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इटारसी स्टेशन का तेजी से किया जा रहा पुनर्विकास

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेल द्वारा देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से विकसित किए जाने हेतु संचालित अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के सबसे महत्वपूर्ण एवं व्यस्ततम जंक्शन स्टेशन इटारसी का व्यापक पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। लगभग 49.84 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं आधुनिक आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य किए जा रहे हैं। इटारसी स्टेशन का पुनर्विकास कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है।



अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इटारसी स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया के विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म क्रमांक 4/5 एवं 6/7 पर कवर ओवर शेड की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 एवं 7 की सतह में सुधार कार्य भी प्रगति पर है।

स्टेशन भवन के आंतरिक भाग, प्रतीक्षालय एवं टिकट खिड़की क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप उन्नयन कार्य किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशन के शौचालयों का भी सुधार एवं आधुनिकीकरण किया जा रहा है। स्टेशन परिसर में दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं का विस्तार करते हुए रैंप, दिव्यांग संकेतक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं।

यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से इटारसी स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, वीडियो वॉल, क्लॉक बोर्ड, जीपीएस आधारित सीसीटीवी कैमरे तथा पीए सिस्टम जैसी आधुनिक यात्री सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। स्टेशन पर फर्नीचर एवं यात्री उपयोग की अन्य सुविधाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि विभिन्न विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से प्रगति पर हैं। भविष्य में एस्केलेटर एवं लिफ्ट जैसी सुविधाओं के विस्तार की भी योजना है, जिससे यात्रियों को और अधिक सुविधा प्राप्त होगी।

यात्रियों को सुरक्षित, आधुनिक एवं विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इटारसी स्टेशन का पुनर्विकास पूर्ण होने के बाद यह स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं एवं बेहतर संरचना का नया उदाहरण बनेगा।

## नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश की की 108 परिक्रमा हुई

**संगमरमर वादीयो के बीच चातुर्मास विश्राम**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा चतुरमास विश्राम की बेला में 4 माह के लिए चातुर्मास विश्राम होता है आज हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद दास जी महाराज संकीर्तचार्य सुरेश विश्वकर्मा पंडित प्रदीप दुबे के सानिध्य में जेढ पूर्णिमा पर नर्मदा स्वर्ण कलश की भगवान राधा कृष्णा लड्डू गोपाल तुलसी मैया की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन करते हुए की गई अधिमास होने के कारण कई लोगों ने पूरी पंचकोसी की विशाल भंडारा का आयोजन हुआ सभी भक्तों को बद्रीनाथ से पूजित गोमती चक्र का वितरण हुआ इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल परिक्रमा संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल सह संकीर्तनचार्य श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबबानी दुर्गा पटेल झल्लू पटेल शिव कुमार पटेल कैलाश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे

## 90 से110 डॉलर प्रति बैरल क्रूड ऑयल के दाम हुए तो पेट्रोल डीजल के रेट बढ़ाए 110 से 70 डॉलर हो गये, पेट्रोल डीजल के दाम को कम करे सरकार- कांग्रेस



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता म प्र कांग्रेस कमेटी ने कहा कि जब भी क्रूड ऑयल के रेट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते हैं तो मोदी सरकार तत्काल पेट्रोल डीजल के रेट बढ़ा देती है क्रूड ऑयल90 डॉलर से 110 डॉलर प्रति बैरल होने पर ?108प्रतिलीटर पेट्रोल को ? 114 सरकार द्वारा शीघ्र घोषित कर दिया गया था आज जब 110 डॉलर प्रति बैरल से 70 डॉलर प्रति बैरल क्रूड ऑयल के रेट हो गए हैं किंतु मोदी सरकार कहती है यह अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर घटाएं बढ़ाए जाते हैं हम कुछ भी नहीं कर सकते आज जब लगभग 40 डॉलर प्रति बैरल क्रूड मिल के रेट घटे हैं तो सरकार कह रही है की पुराना घाटे को पूरा करने हेतु तीन से चार माह तक रेट नहीं घटाये जा सकते। सभी पेट्रोलियम कंपनीयों का 2025 और 26 के लिए घोषित मुनाफा लगभग ?1 लाख करोड़ घोषित रहा है जब क्रूड ऑयल के रेट बढे तो सरकार ने तुरंत पेट्रोल डीजल के भाव क्यों बढ़ा दिए थे

20 डॉलर प्रति बैरल बढ़ने पर सरकार ने ?6 प्रति लीटर की दर से पेट्रोल के रेट बढ़ा दिए गए थे आज जब 40 डॉलर प्रति बैरल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कम हुए है तो मोदी सरकार से ?10 से ?12 प्रति लीटर पेट्रोल डीजल की कीमत कम कर जनता को महंगाई के दौर में राहत प्रदान करने की मांग कांग्रेस ने की है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा ,प्रदेश कोऑर्डिनेटर (ओबीसी विभाग) अलीम मंसूरी अशोक यादव विजय अग्रवाल डाक्टर मोइन अंसारी सोम वारु कोल रामदास यादव पी पी पटेल राजू तोमर सुरेंद्र तिवारी अस्सू भाई जान मामूर गुड्डू श्याम सोलंकी धर्मेंद्र कुशवाहा संजू शर्मा अनिल गुप्ता संजू ठाकुर अमित नामदेव अशोक चौधरी आदि ने की है।

**पुलिस, स्वास्थ, शिक्षा, वन, आईटीआई, जल संसाधन विभाग की कालोनी वासी मरम्मत ना होने से हो रहे परेशान**

## शासकीय कालोनी में होगी भारी परेशानी बरसात के पहले नहीं किया जा रहा सुधार



जबलपुर / शासकीय कर्मचारियों के शासकीय आवासो में बरसात के पहले मरम्मत कार्य नहीं कराए गए हैं, विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आवासों में निवास करने वाले सदस्यों को झेलना पड़ेगा, पुलिस और स्वास्थ विभाग के खपरैल मकानों में जर्जर छप्पर, सड़ी खिड़कियां, टूटे दरवाजे दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। लैटिन, बाथरूमों में लंबे समय से सुधार कार्य नहीं किया गया है, राजस्व विभाग और जल संसाधन विभाग के आवासों के सामने की नालियां टूटी हुई है, नालियों की सफाई ना होने के कारण जगह जगह मालवा भरा हुआ है। शंकर शाह नगर की कालोनी में बाउंड्री वाल गिरी हुई है, कालोनी का मुख्य गेट ही नहीं है, घरों में आवारा तत्व चोरियां कर रहे हैं, रात्रि में चौकीदार भी नहीं रहता, सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे है। अनेक आवासों में बिजली के वायर उखड़े पड़े हैं, बरसात में दुर्घटनाएं हो सकती है। आईटीआई, महिला बाल विकास, हिरन जल संसाधन, वन और कोषालय के कर्मचारियों के आवासों में भी अनेक समस्याएं बनी हुई है। व्योहारबाग ओर कैरैप्स के आवासों में पाने भरता है।कर्मचारियों के शासकीय आवासो में बरसात के पहले मरम्मत होना चाहिए लेकिन विभागों में आने वाली राशि अन्य आवासों में लगा दी जाती है, जबकि सभी आवासों में समान रूप से मरम्मत कार्य होने चाहिए। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है की कुछ आवासों में बरसती पानी घरों में करीबन 4,5 फुट तक भर जाता है , गृहस्थी का समान नष्ट हो जाता है। नालों के पानी को रोकने दीवार उठा दी जाए तो इस समस्या से मुक्ति मिल सकती है। लंबे समय से यहां रहने वाले कर्मचारियों को इस समस्या से जूझना पड़ता है।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, राजेश चतुर्वेदी, नरेश शुक्ला, विवेक रंजन शुक्ला, राम शंकर शुक्ला, के जी पाठक, मुकेश सिंह, राजा राम डेहरिया, बृजेश मिश्रा,अर्जुन सोमवंशी, मनीष लोहिया, सुशील गुप्ता, विनय नामदेव, सतीश उपाध्याय, अजय दुबे,अरुण पटेल, योगेंद्र मिश्रा, शैलेश गौतम, इंद्रप्रताप यादव, राजू मस्के, प्रसांत सोंधिया ने संबंधित विभागों से बरसात के पहले जर्जर शासकीय आवासो की मरम्मत करवाने की मांग की है।


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096

# जल संरक्षण के संस्कार को संजोता मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# जल गंगा संवर्धन अभियान

(19 मार्च से 30 जून 2026)

## समापन समारोह

हर ग्राम पंचायत में विशेष ग्रामसभा | मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन

उत्कृष्ट योगदान देने वालों का सम्मान | नई जल संरचनाओं का लोकार्पण

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

30 जून, 2026

भैंसवामाता, विकासखण्ड सारंगपुर, जिला राजगढ़



सरकार और समाज के परस्पर सहयोग की **मिसाल**

₹10,514 करोड़ लागत के जल संरक्षण एवं संवर्धन के 3.62 लाख कार्य पूर्ण

### ग्रामीण क्षेत्र

- ₹1500 करोड़ की लागत से 66,483 खेत -तालाब बनकर तैयार
- 96,992 कूप रीचार्ज संरचनाओं का निर्माण, भू-जल संवर्धन को गति
- 216 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूर्ण
- बूंद-बूंद का सुनिश्चित उपयोग, 14,882 सूक्ष्म सिंचाई क्षेत्रों का विस्तार
- ₹2253 करोड़ के 44,854 अन्य जल संरक्षण कार्य पूर्ण
- 800 से अधिक तालाबों के पाल एवं पिचिंग आदि की मरम्मत, सिंचाई की निर्बाध पहुंच
- 3,832 कि.मी. नहर प्रणालियों की सफाई एवं सिंचाई तंत्र को मजबूती
- 10,000 से अधिक कुएं, नदी एवं बावड़ियों की जनभागीदारी से सफाई

### शहरी क्षेत्र

- 3100 से अधिक जल संरचनाएं हुई अतिक्रमण मुक्त
- 9,400 से अधिक नालों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण
- शासकीय एवं आवासीय भवनों में 35,500 से अधिक रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणालियां स्थापित

### अन्य क्षेत्र

- WOW Application के माध्यम से सभी स्कूलों के जल भंडारण टंकियों की सफाई
- स्कूल एवं आंगनवाड़ी में 1.60 लाख+ पेयजल स्रोतों का परीक्षण
- 6,000 से अधिक पाइप लाइनों में लीकेज सुधार कार्य पूर्ण
- 854 औद्योगिक इकाइयों में स्थापित हुई रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली
- बेतवा, शिप्रा, कान्ह एवं अन्य प्रमुख नदियों के जल का गुणवत्ता परीक्षण एवं नालों का चिह्नांकन

### वन क्षेत्र

- 1.30 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य पूर्ण



D-11048/26

सीधा प्रसारण

@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh

@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP

JansamparkMP

अकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी